• जयपुर, शनिवार 27 जून 26 • वर्ष 15 • अंक 239 • पृष्ठ : 8 • मूल्य : 1 रुपये

www.chamaktarajasthan.in | Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com

डाक पंजीयन संख्या: RJ/JPC/D19/2024-25

RNI. No. RAJHIN/2011/40950

राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त

सच के साथ मजबूती से बढ़ाये क़दम

# चमकता राजस्थान

जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित




**सुविचार**

''सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।''
• स्वामी विवेकानंद


विज्ञापन के लिए : 93145 05000



अजमेर, सीकर, झुंझनुं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूँदी, धौलपुर, हिडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, ब्यावर, जालोर, करौली, नागौर बीकानेर से प्रसारित


एनसीओआरडी की 10वीं शीर्ष स्तरीय बैठक में 'मादक पदार्थ नियंत्रण दृष्टि दस्तावेज़ (2026-2029)' का विमोचन

## तीन वर्षों में मादक पदार्थों के पूरे तंत्र को करेंगे ध्वस्त: अमित शाह

### 6,000 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के नशीले पदार्थ नष्ट करने का अभियान शुरू

**नई दिल्ली/एजेंसी।**

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में नार्को-समन्वय केंद्र (एनसीओआरडी) की 10वीं शीर्ष स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करते हुए मादक पदार्थ नियंत्रण दृष्टि दस्तावेज़ (2026-2029) का विमोचन किया। इस अवसर पर उन्होंने ऑनलाइन मादक पदार्थ विनष्टिकरण पखवाड़ा अभियान का शुभारंभ भी किया, जिसके अंतर्गत 6,000 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के 2,09,500 किलोग्राम नशीले पदार्थों को नष्ट करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

गृह मंत्री ने एनसीबी वार्षिक प्रतिवेदन-2025 का विमोचन करने के साथ ही जम्मू और गुवाहाटी में मादक पदार्थ नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) के नए क्षेत्रीय कार्यालयों का ई-उद्घाटन भी किया।

अपने संबोधन में अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में अगले तीन वर्षों में मादक पदार्थों के अवैध कारोबार के पूरे तंत्र पर ऐसा प्रहार किया जाएगा कि वह दशकों तक दोबारा खड़ा नहीं हो सकेगा। उन्होंने कहा कि मादक पदार्थों के विरुद्ध यह संघर्ष केवल




कानून-व्यवस्था या स्वास्थ्य का विषय नहीं, बल्कि देश की आंतरिक सुरक्षा, सामाजिक स्थिरता, आर्थिक हितों और युवा पीढ़ी के भविष्य से जुड़ा राष्ट्रीय अभियान है।

उन्होंने कहा कि मादक पदार्थों की तस्करी अब संगठित अपराध, आतंक वित्तपोषण और सीमापार अपराधों का रूप ले चुकी है। ड्रोन, समुद्री मार्ग, अंधकार जाल, सांकेतिक मुद्रा तथा पार्सल वितरण जैसी आधुनिक तकनीकों का उपयोग कर तस्कर अपने नेटवर्क का विस्तार कर रहे हैं। ऐसे में सरकार की रणनीति भी तकनीक आधारित, गुप्त सूचना केंद्रित और समन्वित होगी।

**'पहचानो, बाधित करो और ध्वस्त करो' होगी रणनीति**

गृह मंत्री ने कहा कि सरकार की पूरी कार्ययोजना पहचानो, बाधित करो और ध्वस्त करो की नीति पर आधारित होगी। इसके अंतर्गत मानव एवं तकनीकी गुप्त सूचनाओं, सामुदायिक पुलिस व्यवस्था तथा अपराध मानचित्रण के माध्यम से स्रोत से लेकर सरगना तक पूरे तंत्र को समाप्त किया जाएगा।

उन्होंने स्पष्ट कहा कि मादक पदार्थों के तस्करों के प्रति कठोर तथा पीड़ित युवाओं के प्रति सहानुभूतिपूर्ण दृष्टिकोण अपनाया जाएगा। नशे के शिकार युवाओं को उपचार और पुनर्वास के माध्यम से मुख्यधारा में वापस लाने पर विशेष बल दिया जाएगा।

**चार स्तंभों पर आधारित होगा राष्ट्रीय रोडमैप**

अमित शाह ने बताया कि वर्ष 2026 से 2029 तक की कार्ययोजना चार प्रमुख स्तंभों पर आधारित होगी–

प्रवर्तन, गुप्त सूचना एवं अभियान

अग्रद्रव्यों एवं कृत्रिम मादक पदार्थों पर नियंत्रण

मांग में कमी, जनजागरूकता एवं पुनर्वास

क्षमता निर्माण, समन्वय एवं निगरानी

उन्होंने कहा कि यह योजना संपूर्ण शासन तथा संपूर्ण समाज की सहभागिता पर आधारित है।

• **वित्तीय जांच और विशेष न्यायालयों पर रहेगा जोर**

गृह मंत्री ने कहा कि बड़े मादक पदार्थ मामलों में वित्तीय जांच, अपराध से अर्जित संपत्ति की पहचान, उसे फ्रीज़ और जब्त करना सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। उन्होंने प्रवर्तन निदेशालय के माध्यम से वित्तीय जांच को अनिवार्य बनाने पर बल दिया।

उन्होंने राज्यों से आग्रह किया कि मादक पदार्थ एवं मनःप्रभावी पदार्थ अधिनियम से संबंधित मामलों के त्वरित निस्तारण के लिए विशेष न्यायालयों के गठन हेतु उच्च न्यायालयों के समक्ष प्रस्ताव रखें तथा प्रभावी अभियोजन के लिए विशेष लोक अभियोजकों की नियुक्ति करें।

## न्यूज़ अपडेट

### पहली बार सामने आए ऑपरेशन सिंदूर के 6 शहीदों के नाम, राष्ट्रीय युद्ध स्मारक में मिली जगह

**नईदिल्ली/एजेंसी।** भारत सरकार ने पहली बार उन शहीदों के नाम सार्वजनिक कर दिए हैं, जिन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर में अपनी जान गंवाई थी। शहीदों के विवरण अब सेना युद्ध स्मारक की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। इन वीर जवानों में से 2 को वीर चक्र और वायु पदक से सम्मानित किया गया है। इन 6 सैनिकों के नाम नई दिल्ली में इंडिया गेट के पास स्थित राष्ट्रीय युद्ध स्मारक में विशेष ग्रेनाइट पट्टिकाओं पर स्थायी रूप से अंकित होगा।

शहीद जवानों में 10 इन्फैंट्री ब्रिगेड मुख्यालय के सब मेजर पवन कुमार, जम्मू-कश्मीर लाइट इन्फैंट्री रेजिमेंट की चौथी बटालियन के राइफलमैन सुनील कुमार, 5वीं फील्ड रेजिमेंट के लांस नायक दिनेश कुमार, 851 लाइट रेजिमेंट से अग्निवीर मूड मुरली नायक, 237 फील्ड वर्कशॉप के हवलदार सुनील कुमार सिंह और वायुसेना की 39वीं विंग के सार्जेंट सुरेंद्र कुमार शामिल हैं। राइफलमैन सुनील कुमार को मरणोपरान्त देश के तीसरे सर्वोच्च युद्ध सम्मान वीर चक्र और सार्जेंट सुरिंदर कुमार को वायु पदक मिला है।

### अब पुलिस थाने के चक्कर काटना बंद! देश में जल्द लागू होगी ई-ज़ीरो एफआईआर, घर बैठे दर्ज होगी शिकायत

**नईदिल्ली/एजेंसी।** डिजिटल क्रांति के इस दौर में जहां एक ओर आम जनता का जीवन आसान हुआ है, वहीं दूसरी ओर साइबर अपराध ग्राफ तेजी से ऊपर भागा है. ऑनलाइन निवेश के नाम पर धोखाधड़ी, यूपीआई फ्रॉड, फर्जी बैंकिंग ऐप्स और लोन स्कैम जैसे मामलों में अपराधी अक्सर एक राज्य में बैठकर दूसरे राज्य के निर्दोष नागरिकों को निशाना बनाते हैं. इस अंतर-राज्यीय चुनौती से निपटने और पीड़ितों को तुरंत न्याय दिलाने के लिए केंद्र सरकार ने एक क्रांतिकारी और पूरी तरह से स्वचालित कदम उठाया है, जिसे ई-ज़ीरो एफआईआर नाम दिया गया है. देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देशों के बाद अब इस आधुनिक डिजिटल व्यवस्था को सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में तेजी से लागू करने की तैयारियां अंतिम चरण में हैं.

आमतौर पर किसी भी अपराध की एफआईआर उसी पुलिस थाने में दर्ज की जाती है, जिसके भौगोलिक क्षेत्राधिकार के अंतर्गत वह घटना हुई हो. साइबर अपराधों के मामले में यह नियम पीड़ितों के लिए बड़ी मुसीबत बन जाता था, क्योंकि स्थानीय पुलिस अक्सर सीमा विवाद या तकनीकी कारणों का हवाला देकर शिकायत दर्ज करने में देरी करती थी.

इस समस्या को जड़ से खत्म करने के लिए जीरो एफआईआर की अवधारणा को पूरी तरह डिजिटल रूप दिया गया है. अब कोई भी पीड़ित घर बैठे बिना किसी पुलिस स्टेशन के चक्कर काटे ऑनलाइन अपनी शिकायत दर्ज करा सकता है.

## राम मंदिर चढ़ावा चोरी प्रकरण में सभी आरोपी कोर्ट में किए गए पेश



### सुनवाई के बाद सभी आठ आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया जेल

• **सोमवार को फिर कोर्ट में किया जाएगा पेश**

• **चंपत राय व अनिल मिश्रा का ट्रस्ट से इस्तीफा**

**अयोध्या/एजेंसी।**

राम मंदिर चढ़ावा चोरी प्रकरण में गिरफ्तार सभी आठ आरोपियों को शुक्रवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच जिला एवं सत्र न्यायालय फैजाबाद में पेश किया गया। सुनवाई के बाद सभी आरोपियों को 29 जून तक के लिए न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। आरोपियों को एसओजी प्रभारी अपनी टीम के साथ न्यायालय लेकर पहुंचे। इससे पहले सभी का पुलिस लाइन स्थित अस्पताल में मेडिकल परीक्षण कराया गया। पेशी के दौरान न्यायालय परिसर में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रहा और सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए। आरोपियों को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजीएम), सिविल जज जूनियर डिवीजन निवेदिता सिंह के समक्ष प्रस्तुत किया गया। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए एसपी सिटी चक्रपाणि त्रिपाठी, सीओ सिटी श्रेयश त्रिपाठी पूरे समय न्यायालय परिसर में मौजूद रहे। पेशी के दौरान न्यायालय परिसर में आम लोगों की आवाजाही पर भी निगरानी रखी गई। कोर्ट में सुनवाई के बाद आठों आरोपियों को ले जाया गया। उन्हें अयोध्या जिला जेल भेज दिया गया। सभी को 29 जून तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। सीजेएम कोर्ट में अभियोजन अधिकारी केसी वर्मा ने बताया कि आठ आरोपियों को गिरफ़्तार किया गया है। उन्हें सोमवार तक के लिए रिमांड पर भेजा गया है। सोमवार को फिर से कोर्ट में पेश किया जाएगा। तब तक के लिए न्यायिक हिरासत में रखा जाएगा। इनके पास से कुल 79 लाख 85 हजार 493 रुपये बरामद किए गए हैं।

## वेनेजुएला में आए 2 जबरदस्त भूकंप में मरने वालों संख्या 235 पार, 4,500 से अधिक घायल

**काराकस/एजेंसी।**

वेनेजुएला में गुरुवार तडके आए 2 विनाशकारी भूकंप की चपेट में आकर मरने वालों का आंकड़ा बढ़ता जा रहा है। वेनेजुएला के स्वास्थ्य मंत्री अल्वाराडो ने राज्य टेलीविजन को दिए साक्षात्कार में बताया कि दुर्भाग्य से अभी तक लगभग 235 मृतकों के शव मिल चुके हैं, जबकि 4,500 से अधिक लोग घायल हैं। उन्होंने बताया कि बड़े पैमाने पर बचाव और राहत कार्य जारी है। मृतकों की संख्या बढ़ सकती है।

सूत्रों ने अमेरिकी जियोलॉजिकल सर्वे (यूएसजीएस) के अनुमानों से बताया कि भूकंप से 7.5 अरब डॉलर (करीब 70,950 करोड़ रुपये) से अधिक या वेनेजुएला के सकल घरेलू उत्पाद के 7 प्रतिशत तक का आर्थिक नुकसान हो सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक, वेनेजुएला के विशाल तेल और गैस के बुनियादी ढांचे को भूकंप से ज्यादा नुकसान नहीं पहुंचा है। हालांकि, बिजली आपूर्ति ठप होने से रोजाना करीब 12 लाख बैरल कच्चे तेल का उत्पादन प्रभावित होने की संभावना है।




संयुक्त राष्ट्र की बच्चों की एजेंसी, यूनिसेफ ने चेतावनी दी है कि वेनेजुएला में आए दोहरे भूकंप के बाद लाखों बच्चे खतरे में हैं। एजेंसी ने एक बयान में कहा कि प्रभावित क्षेत्रों में लगभग 39 लाख बच्चे रहते हैं और कई परिवारों को तत्काल मानवीय सहायता की आवश्यकता है। यूनिसेफ की कार्यकारी निदेशक कैथरीन रसेल ने कहा कि वेनेजुएला की तस्वीरें और जमीन पर मौजूद सहयोगियों से जो कहानियां सुन रहे हैं, वे दिल दहला देने वाली हैं। एलन मस्क की स्पेसएक्स की सैटेलाइट इंटरनेट इकाई स्टारलिंक ने कहा कि दक्षिण अमेरिकी देश वेनेजुएला में आए 2 भूकंपों के बाद वह वहां अपने उपयोगकर्ताओं को एक महीने तक मुफ्त सेवाएं प्रदान करेगी।

## अंतरराष्ट्रीय एमएसएमई दिवस आज

### राजस्थान में पहली बार होगा आयोजन

**चमकता राजस्थान**

**जयपुर।** राजस्थान में पहली बार अंतरराष्ट्रीय एमएसएमई दिवस (27 जून) पर कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा शनिवार को कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में आयोजित कार्यक्रम में उद्योग एवं वाणिज्य विभाग की योजनाओं के लाभार्थियों को ऋण, अनुदान और सब्सिडी के 13 करोड़ रुपये से अधिक के डमी चेक प्रदान करेंगे। साथ ही, रीको की योजनाओं के लाभार्थियों को भूमि आवंटन पत्र और ऑफर लेटर भी सौपेंगे। इस दौरान राजस्थान इंडस्ट्रीयल डवलपमेंट पॉलिसी, ओडीओपी कॉफी टेबल बुक और



रैम्प (राइजिंग एंड एक्सीलरेटिंग एमएसएमई परफॉर्मेंस) पोर्टल भी लॉन्च करेंगे।

कार्यक्रम में उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़, राज्यमंत्री श्री के. के. विश्नोई,

• **मुख्यमंत्री लाभार्थियों को 13 करोड़ रुपये से अधिक चेक और भूमि आवंटन पत्र सौपेंगे**

• **इंडस्ट्रीयल डवलपमेंट पॉलिसी, ओडीओपी कॉफी टेबल बुक और रैम्प पोर्टल लॉन्च करेंगे**

मुख्य सचिव श्री वी. श्रीनिवास, उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री शिखर अग्रवाल और आयुक्त श्री नीलाभ सक्सेना सहित विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहेंगे।

इस दौरान एक जिला एक उत्पाद नीति, विश्वकर्मा युवा उद्यमी प्रोत्साहन योजना, राजस्थान ट्रेड प्रमोशन पॉलिसी, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना, डॉ. भीमराव अंबेडकर दलित, आदिवासी उद्यम प्रोत्साहन योजना, एकीकृत कलस्टर विकास योजना, रैम्प और राजस्थान निर्यात प्रोत्साहन योजना के लाभार्थियों को चेक दिए जाएंगे। साथ ही, रीको की डायरेक्ट लैंड अलॉटमेंट पॉलिसी के आवंटन पत्र और ऑफर लेटर भी प्रदान किए जाएंगे। रेंटल पॉलिसी के तहत भी ऑफर लेटर दिए जाएंगे।

## कौन हैं महेश दीक्षित, जिन्हें बनाया गया है इंटेलीजेंस ब्यूरों का प्रमुख?

**नईदिल्ली/एजेंसी।**

भारत के आंतरिक सुरक्षा ढांचे में बड़ा बदलाव हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली कैबिनेट की नियुक्ति समिति (एसीसी) ने 1993 बैच के अनुभवी भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारी डॉ महेश दीक्षित को देश की सबसे अहम आंतरिक खुफिया एजेंसी इंटेलिजेंस ब्यूरो (आईबी) का नया निदेशक नियुक्त किया है। वह 30 जून, 2026 को तपन कुमार डेका का विस्तारित कार्यकाल समाप्त होने के बाद अपना पदभार ग्रहण करेंगे। आइए दीक्षित के बारे में जानते हैं।

एसीसी द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि नियुक्ति समिति ने आईबी के विशेष निदेशक आईपीएस डॉ महेश दीक्षित को आईबी का निदेशक बनाने को मंजूरी दे दी




है। यह नियुक्ति आईपीएस तपन कुमार डेका की जगह पर होगी। दीक्षित का कार्यकाल पद संभालने की तारीख से 2 साल या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, तक रहेगा। दीक्षित को आंतरिक सुरक्षा की कमान वैश्विक और क्षेत्रीय स्तर पर सुरक्षा से जुड़ी चुनौतियों के बीच सौंपी गई है।

डॉ दीक्षित का जन्म वर्ष 1967 में महाराष्ट्र में हुआ था। वह 1993 बैच के आंध्र प्रदेश कैडर (तेलंगाना) के आईपीएस अधिकारी हैं। वह सबसे अनुभवी खुफिया अधिकारियों में गिने जाते हैं। उनके करियर के सबसे अहम अध्यायों में से एक अगस्त 2019 में जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 को हटाने से पहले की तैयारी में उनकी भूमिका थी। उन्होंने इस ऐतिहासिक कदम के सुरक्षा प्रभावों का आकलन करने और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए रणनीतियां बनाने में मदद की थी।

जम्मू-कश्मीर और लद्दाख केंद्र शासित प्रदेशों में पुनर्गठन के बाद दीक्षित को इस क्षेत्र में महत्वपूर्ण खुफिया जिम्मेदारियां सौंपी गई थी। अधिकारियों का मानना है कि उन्होंने राजनीतिक रूप से संवेदनशील दौर में जनता का भरोसा बहाल करने में मदद की और साथ ही आतंकवाद और अलगाववादी तत्वों से पैदा होने वाली सुरक्षा चुनौतियों का भी प्रभावी ढंग से सामना किया। उन्होंने जमीनी हकीकत और बदलती परिस्थितियों का सही आकलन करने में अहम भूमिका निभाई थी।

दीक्षित ने पिछले साल एक सफेदपोश आतंकी नेटवर्क का भंडाफोड़ करने में भी अहम भूमिका निभाई थी। उन्होंने श्रीनगर पुलिस की ओर से उपलब्ध कराई गई जानकारियों के आधार पर आतंकियों के खिलाफ विशेष अभियान तैयार किया था।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रस्तावित यात्रा

## मुख्यमंत्री ने उच्च स्तरीय बैठक में रिफाइनरी के उद्घाटन की तैयारियों को लेकर दिए दिशा-निर्देश

**चमकता राजस्थान**

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की आगामी 4 जुलाई को प्रस्तावित राजस्थान यात्रा एवं पचपदरा रिफाइनरी के उद्घाटन की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में उच्चस्तरीय बैठक ली। उन्होंने कार्यक्रम के सफल एवं सुचारू संचालन के लिए संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने एवं सभी तैयारियां समयबद्ध पूर्ण करने को लेकर दिशा-निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के सबसे बड़े प्रोजेक्ट एवं भारत के पहले ग्रीनफील्ड एकीकृत रिफाइनरी कम पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स की शुरुआत होना गर्व का क्षण है। ऐसे में इस ऐतिहासिक




कार्यक्रम में सभा स्थल पर पार्किंग, पेयजल, बैठक व्यवस्था जैसी सभी आवश्यक सुविधाएं उच्च गुणवत्ता के साथ सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने कहा कि जिन स्थानों पर प्रधानमंत्री का कार्यक्रम लाइव दिखाने की व्यवस्था की जा रही है, वहां आमजन के लिए छाया, पानी, चिकित्सा जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएं। इसके साथ ही वीडियो कॉन्फ्रेंस से जुड़ने वाली सभी ग्राम पंचायतों, नगरपालिकाओं और जिलों में तकनीकी तैयारियां समय से पूर्ण कर ली जाएं।

बैठक में अधिकारियों द्वारा कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर प्रजेंटेशन दिया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री कार्यालय में मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास सहित उच्चाधिकारी उपस्थित रहे। वहीं, बालोतरा से एचआरआरएल के अधिकारी वीसी के माध्यम से जुड़े।

• **ग्रीनफील्ड एकीकृत रिफाइनरी कम पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स की शुरुआत प्रदेश के लिए गर्व का क्षण**

• **ऐतिहासिक कार्यक्रम के सफल-सुचारू क्रियान्वयन के लिए समन्वय के साथ पूर्ण की जाएं तैयारियां : मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा**

# संपादकीय

## दोषियों को न्याय के कठघरे में लाया जाए

हिंदू समाज में मंदिर आस्था के केंद्र होते हैं, वहां लोग मानसिक शांति और सुख-समृद्धि की कामना करते हैं। साथ ही वहां स्वेच्छा से धन या अन्य सामग्री दान करते हैं, ताकि उसका इस्तेमाल धार्मिक कार्यों में किया जा सके।श्रद्धालु इस विश्वास के साथ मंदिर में दान करते हैं कि इस राशि को खर्च करते वक्त पूरी पारदर्शिता बरती जाएगी। मगर इस दान राशि में ही अगर हेरफेर होने लगे, तो इसे लोगों की आस्था के साथ खिलवाड़ नहीं, तो और क्या कहा जाएगा। दोषियों को न्याय के कटघरे में खड़ा जरूर किया जाए।मसला जब अयोध्या में राम मंदिर से जुड़ा हो, तो मामला और भी संवेदनशील एवं गंभीर हो जाता है। राज्य सरकार ने इस मामले की जांच के लिए विशेष दल (एसआइटी) गठित किया है, जिसने अपनी प्रारंभिक रिपोर्ट मुख्य सचिव (गृह) को सौंप दी है।खबरों के मुताबिक, रिपोर्ट में दान राशि और कीमती सामान के प्रबंधन में कमियों का जिक्र करते हुए प्राथमिकी दर्ज करने की सिफारिश की गई है। इससे स्पष्ट है कि मंदिर के वित्तीय मामले में कुछ तो हेरफेर हुआ है, जिसकी गहन जांच की जरूरत है।गौरतलब है कि प्रदेश सरकार ने राम मंदिर ट्रस्ट के वित्तीय प्रबंधन और दान राशि से संबंधित आरोपों की जांच के लिए 13 जून को तीन सदस्यीय विशेष जांच दल का गठन किया था। सरकार का दावा था कि एसआइटी की जांच में 'दूध का दूध और पानी का पानी' हो जाएगा।अब एसआइटी ने अपनी प्रारंभिक जांच रिपोर्ट सरकार को सौंप दी है, मगर उसे सार्वजनिक नहीं किया गया है। जांच दल के अधिकारियों का कहना है कि यह गोपनीय रिपोर्ट है और इसे मीडिया से साझा नहीं किया जा सकता है। ऐसे में अब सरकार के दावों और उसकी मंशा पर भी सवाल उठने लगे हैं।अगर जांच के दौरान मंदिर की दान राशि में किसी तरह की गड़बड़ी पाई गई है, तो उसे सार्वजनिक क्यों नहीं किया जा रहा है? जिन श्रदालुओं ने राम मंदिर में राशि या कीमती सामान दान किया है, क्या उन्हें यह जानने का हक नहीं है कि उसका इस्तेमाल कहां हुआ? अगर मंदिर के वित्तीय प्रबंधन में किसी तरह का हेरफेर कर लोगों की आस्था के साथ खिलवाड़ होता है, तो इसके लिए जवाबदेही किसकी है? अयोध्या स्थित राम मंदिर में हर साल देश-विदेश से लाखों की संख्या में श्रद्धालु पूजा-अर्चना करने आते हैं और वहां करोड़ों रुपए का चढ़ावा चढ़ता है। ऐसे में दान राशि में गड़बड़ी से इस तीर्थ स्थल की छवि को भी नुकसान पहुंचेगा। एक सवाल यह भी उठ रहा है कि अमूमन किसी मामले में प्राथमिकी दर्ज होने के बाद जांच प्रकिया शुरू की जाती है, लेकिन इस मामले में पहले जांच की गई और अब एसआइटी ने प्राथमिकी दर्ज करने की सिफारिश की है।विपक्षी दलों का कहना है कि जब तब इस मामले में प्राथमिकी दर्ज नहीं की जाती है, तब तक कोई भी जांच बिना तीर के कमान जैसी है।

**लखनऊ के अलीगंज स्थित एक कोचिंग सेंटर में लगी आग में 15 छात्रों की दर्दनाक मौत उस व्यवस्था के चेहरे से नकाब हटाने वाली त्रासदी है, जो वर्षों से भ्रष्टाचार, लापरवाही और प्रशासनिक उदासीनता के सहारे चल रही है। जिन बच्चों को उनके माता-पिता बेहतर भविष्य के सपने लेकर कोचिंग भेजते हैं, वे यदि धुएं से भरे कमरों, बंद दरवाजों और अवैध निर्माणों के बीच दम तोड़ दें तो उसे केवल हादसा कहना सच्चाई से मुंह मोड़ना होगा। यह उन परिस्थितियों में हुई मौत है, जिसे रोका जा सकता था, टाला जा सकता था और जिसकी जिम्मेदारी तय की जा सकती है।**

# व्यवस्था की चिता पर जलते सपने, आखिर कब रुकेगा मौत का कारोबार?

(योगेश कुमार गोयल)

उपहार सिनेमा अग्निकांड को लगभग तीन दशक बीत चुके हैं। उस घटना में बंद निकास द्वारों के कारण 59 लोगों की मौत हुई थी। देश ने उस समय कड़े कानूनों और सख्त निगरानी की मांग की थी। लेकिन क्या वास्तव में कुछ बदला? यदि बदला होता तो मुंडका, अनाज मंडी, करोल बाग, मालवीय नगर और लखनऊ जैसी घटनाएं दोहराई नहीं जाती।

लखनऊ के अलीगंज स्थित एक कोचिंग सेंटर में लगी आग में 15 छात्रों की दर्दनाक मौत उस व्यवस्था के चेहरे से नकाब हटाने वाली त्रासदी है, जो वर्षों से भ्रष्टाचार, लापरवाही और प्रशासनिक उदासीनता के सहारे चल रही है। जिन बच्चों को उनके माता-पिता बेहतर भविष्य के सपने लेकर कोचिंग भेजते हैं, वे यदि धुएं से भरे कमरों, बंद दरवाजों और अवैध निर्माणों के बीच दम तोड़ दें तो उसे केवल हादसा कहना सच्चाई से मुंह मोड़ना होगा। यह उन परिस्थितियों में हुई मौत है, जिसे रोका जा सकता था, टाला जा सकता था और जिसकी जिम्मेदारी तय की जा सकती है। इसलिए यह प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि क्या यह वास्तव में हादसा था या फिर भ्रष्ट व्यवस्था द्वारा किया गया एक सुनियोजित प्रशासनिक हत्याकांड? घटना के विवरण किसी भी संवेदनशील व्यक्ति को झकझोर देने के लिए पर्याप्त हैं। आग लगने के बाद छात्र जान बचाने के लिए इधर-उधर भागे।

कुछ तीसरी मंजिल से नीचे कूद गए, कुछ बाथरूम में छिप गए, यह सोचकर कि शायद वहां धुएं से बच सकेंगे लेकिन दम घुटने से उनकी मौत हो गई। यह दृश्य किसी युद्ध या प्राकृतिक आपदा का नहीं बल्कि उस इमारत का दृश्य था, जिसे नियमों की अनदेखी कर व्यावसायिक लाभ कमाने के लिए तैयार किया गया था। जहां पर्याप्त सुरक्षा इंतजाम नहीं थे, जहां फायर सेफ्टी मानकों का पालन नहीं हुआ और जहां छात्रों की सुरक्षा से अधिक महत्व मुनाफे को दिया गया।

कुछ ही समय पहले दिल्ली के मालवीय नगर में भी भीषण आग ने 21 लोगों की जान ले ली थी। उससे पहले मुंडका, अनाज मंडी, करोल बाग, अलीपुर और उपहार सिनेमा जैसे अनेक अग्निकांड देश देख चुका है। हर बार जांच में लगभग एक जैसी बातें सामने आती हैं, अवैध निर्माण, बंद निकास मार्ग, फायर एनओसी का अभाव, क्षमता से अधिक लोगों की मौजूदगी, प्रशासनिक अनदेखी और भ्रष्टाचार। यदि हर बार कारण एक जैसे हैं तो फिर इन घटनाओं को दुर्घटना नहीं बल्कि व्यवस्था की विफलता का परिणाम माना जाना चाहिए। लखनऊ अग्निकांड की प्रारंभिक जांच ने कई गंभीर सवाल खड़े किए हैं। जिस इमारत में कोचिंग सेंटर चल रहा था, वहां स्वीकृत नक्शे के विपरीत निर्माण किया गया था। सेटबैक क्षेत्र तक को कवर कर लिया गया था। नीचे पेट शॉप और गेमिंग जोन संचालित हो रहे थे जबकि ऊपर कोचिंग सेंटर और लाइब्रेरी चल रही थी। एक ही इमारत में अलग-अलग व्यावसायिक गतिविधियों का ऐसा मिश्रण सुरक्षा की दृष्टि से अत्यंत खतरनाक माना जाता है। सबसे गंभीर तथ्य यह सामने आया कि जिस रास्ते से छात्रों को बाहर निकलना था, वह प्रभावी रूप से बंद था। ऐसे में आग लगने के बाद उनके पास बचने का कोई विकल्प नहीं बचा। यह केवल तकनीकी गलती नहीं बल्कि मानव जीवन के प्रति घोर उपेक्षा का उदाहरण है।

सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि ऐसी इमारतें अस्तित्व में आती कैसे हैं? क्या नगर निगम, विकास प्राधिकरण, फायर विभाग, बिजली विभाग और स्थानीय प्रशासन को इसकी जानकारी नहीं होती? कोई भी अवैध निर्माण रातों-रात खड़ा नहीं हो जाता। उसकी नींव पड़ती है, दीवारें खड़ी होती हैं, मंजिलें बनती हैं, बिजली-पानी के कनेक्शन दिए जाते हैं और फिर वहां व्यावसायिक गतिविधियां शुरू हो जाती हैं। इस पूरी प्रक्रिया में अनेक विभाग शामिल होते हैं। सच्चाई यही है कि भ्रष्टाचार और मिलीभगत की जड़ें इतनी गहरी हैं कि नियम केवल फाइलों में रह जाते हैं जबकि जमीन पर अवैधता का साम्राज्य खड़ा हो जाता है। देश का शहरी विकास मॉडल भी इस समस्या के लिए कम जिम्मेदार नहीं है। आज अधिकांश शहरों में अधिक से अधिक लाभ कमाने की होड़ लगी हुई है। बिल्डर अतिरिक्त मंजिलें जोड़ देते हैं, सेटबैक क्षेत्र को कवर कर लेते हैं, बेसमेंट का उपयोग अवैध व्यावसायिक गतिविधियों के लिए करते हैं और आपातकालीन निकास को स्टोर रूम में बदल देते हैं। बदले में कुछ अधिकारियों की जेबें गर्म हो जाती हैं और फाइलों में सब कुछ वैध दिखाई देने लगता है। नतीजा यह होता है कि एक पूरी इमारत धीरे-धीरे मौत के जाल में बदल जाती है और किसी दिन एक चिंगारी सैंकड़ों परिवारों की खुशियां छीन लेती है।

उपहार सिनेमा अग्निकांड को लगभग तीन दशक बीत चुके हैं। उस घटना में बंद निकास द्वारों के कारण 59 लोगों की मौत हुई थी। देश ने उस समय कड़े कानूनों और सख्त निगरानी की मांग की थी। लेकिन क्या वास्तव में कुछ बदला? यदि बदला होता तो मुंडका, अनाज मंडी, करोल बाग, मालवीय नगर और लखनऊ जैसी घटनाएं दोहराई नहीं जाती। हर बड़े हादसे के बाद जांच समितियां बनती हैं, मुआवजे घोषित होते हैं, कुछ अधिकारियों को निलंबित कर दिया जाता है और मीडिया में कुछ दिनों तक बहस चलती है। फिर मामला धीरे-धीरे ठंडा पड़ जाता है और व्यवस्था अगले हादसे का इंतजार करने लगती है।

सबसे चिंताजनक बात यह है कि आज भी देश के लगभग हर शहर में हजारों ऐसी इमारतें मौजूद हैं, जो किसी भी समय अग्निकांड का केंद्र बन सकती हैं। संकरी गलियों में बनी बहुमंजिला इमारतें, बिना वेंटिलेशन के कोचिंग सेंटर, अवैध रूप से संचालित फैक्ट्रियां, बेसमेंट में चल रहे व्यवसाय, बंद खिड़कियां और एकमात्र निकास मार्ग, ये सभी भविष्य की त्रासदियों के संकेत हैं। कई स्थानों पर फायर सेफ्टी उपकरण केवल दिखावे के लिए लगाए जाते हैं। उनकी समय-समय पर जांच नहीं होती। आपातकालीन निकास मार्ग कागजों में तो मौजूद रहते हैं लेकिन वास्तविकता में ताले या सामान से बंद मिलते हैं। ऐसे में आग लगने पर लोग आग से कम और धुएं से अधिक मरते हैं।

लखनऊ में बाथरूम में छिपे छात्रों की दम घुटने से हुई मौतें इस बात का प्रमाण हैं कि उन्हें बाहर निकलने का कोई सुरक्षित रास्ता नहीं मिला। यदि पर्याप्त निकास द्वार होते, यदि सुरक्षा मानकों का पालन किया गया होता, यदि नियमित निरीक्षण हुए होते और यदि संबंधित विभागों ने समय रहते कार्रवाई की होती तो संभव है कि ये सभी जिंदगियां बचाई जा सकती थी। इसलिए यह कहना गलत नहीं होगा कि इन मौतों के पीछे केवल आग नहीं बल्कि प्रशासनिक विफलता, भ्रष्टाचार और जवाबदेही का अभाव भी जिम्मेदार है। अब समय केवल संवेदना व्यक्त करने का नहीं है। देश को एक कठोर और निर्णायक नीति की आवश्यकता है। सभी व्यावसायिक इमारतों, कोचिंग सेंटरों, अस्पतालों, होटलों और मॉल्स का नियमित तथा डिजिटल सुरक्षा ऑडिट अनिवार्य किया जाना चाहिए। फायर एनओसी की पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन और सार्वजनिक होनी चाहिए ताकि कोई भी नागरिक किसी भवन की सुरक्षा स्थिति की जांच कर सके। अवैध निर्माण पर केवल जुर्माना लगाने की परंपरा समाप्त होनी चाहिए और ऐसे निर्माणों को तत्काल ध्वस्त किया जाना चाहिए। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि जिम्मेदारी केवल छोटे कर्मचारियों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए। जिन अधिकारियों के कार्यक्षेत्र में ऐसे अवैध निर्माण पनपते हैं, उन्हें भी समान रूप से उत्तरदायी बनाया जाना चाहिए।

कानूनी व्यवस्था में भी बदलाव की आवश्यकता है। जब किसी भवन मालिक या अधिकारी की लापरवाही के कारण लोगों की मौत होती है तो उसे केवल प्रशासनिक गलती मानकर छोड़ देना न्याय के साथ खिलवाड़ है। ऐसे मामलों में कठोर आपराधिक दायित्व तय होना चाहिए ताकि भविष्य में कोई भी व्यक्ति मानव जीवन की कीमत पर लाभ कमाने का साहस न कर सके।

लखनऊ का अग्निकांड केवल 15 परिवारों का व्यक्तिगत दुःख नहीं है, यह पूरे समाज के लिए चेतावनी है। यह बताता है कि यदि हमने व्यवस्था की खामियों को दूर नहीं किया, यदि भ्रष्टाचार और मिलीभगत पर अंकुश नहीं लगाया और यदि सुरक्षा मानकों को केवल कागजी औपचारिकता बनाए रखा तो अगली त्रासदी केवल समय का प्रश्न होगी। तब फिर कुछ मासूम जिंदगियां बुझ जाएंगी, कुछ परिवार हमेशा के लिए उजड़ जाएंगे और व्यवस्था फिर वही पुराना राग अलापेगी। इसलिए अब खोखले आश्वासनों का समय समाप्त हो चुका है। अब जरूरत है जवाबदेही, पारदर्शिता और कठोर कार्रवाई की।(लेखक 36 वर्षों से पत्रकारिता में निरन्तर सक्रिय वरिष्ठ पत्रकार तथा 'सागर से अंतरिक्ष तक- भारत की रक्षा क्रांति' सहित कई चर्चित पुस्तकों के लेखक हैं)(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

## पेपर खरीदने वालों के खिलाफ भी आंदोलन होना चाहिए

(डॉ. आशीष वशिष्ठ)

नीट मामले की जांच कर रही सीबीआई ने अब तक 13 मुख्य मास्टरमाइंड और दलालों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में कोचिंग संस्थानों के शिक्षक, प्रोफेसर और डॉक्टर शामिल हैं। नीट समेत देश की कई प्रतिष्ठित परीक्षाएं आयोजित कराने की जिम्मेदारी नेशनल टेस्टिंग एजेंसी यानी एनटीए की है।

मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट यूजी-2026 पेपर लीक इन दिनों मामला सुर्खियों में है। 3 मई को आयोजित हुई परीक्षा पेपर लीक के बाद रद्द कर दी गई थी जिसके बाद परीक्षा के लिए नई तारीखों की घोषणा की गयी थी। 21 जून को पुनर्परीक्षा संपन्न हो चुकी है। नयी नवेली कॉकरोच जनता पार्टी यानी सीजेपी नीट पेपर लीक मामले में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान के इस्तीफे की मांग कर रही है। आखिरकार ये परीक्षा की शुचिता के साथ ही साथ लाखों छात्रों के भविष्य का प्रश्न जो ठहरा।

इस घटना के दो पक्ष हैं। एक पेपर लीक करने वाले और दूसरे पेपर खरीदने वाले। पेपर लीक करने और बेचने वालों का तंत्र देश में मौजूद है। इस तंत्र या रैकेट का मकसद परीक्षा की शुचिता भंग कर, मोटी कमाई करना होता है। आजाद भारत का इतिहास देखें तो हजारों छोटी बड़ी परीक्षाओं के पेपर अब तक लीक हो चुके हैं। इस तंत्र की पहुंच इतनी ऊपर और इतने स्तर पर होती है कि असली गुनहगार कानून के शिकंजे से बच जाते हैं। वहीं, पेपर लीक करने और बेचने वालों के खिलाफ कभी ऐसे कड़ी कार्रवाई भी नहीं हुई, जो दूसरों के लिए नजीर बनती। दो चार दिन के हो हल्ले और बयानबाजी के बाद गाड़ी पुरानी पटरी पर दौड़ने लगती है।

नीट मामले की जांच कर रही सीबीआई ने अब तक 13 मुख्य मास्टरमाइंड और दलालों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में कोचिंग संस्थानों के शिक्षक, प्रोफेसर और डॉक्टर शामिल हैं। नीट समेत देश की कई प्रतिष्ठित परीक्षाएं आयोजित कराने की जिम्मेदारी नेशनल टेस्टिंग एजेंसी यानी एनटीए की है। पेपर लीक मामले में एनटीए के महानिदेशक सुबोध कुमार को सरकार ने पद से हटा दिया है।

इस प्रकरण का दूसरा पक्ष पेपर खरीदने वालों का है। इस पक्ष की चर्चा न के बराबर है। पेपर खरीदने वालों की एक जमात हमारे समाज में सदा से विद्यमान है। जो येन केन प्रकारेण दाखिले से लेकर नौकरी के लिये पेपर खरीदने से लेकर तमाम गैर कानूनी काम से करने से बाज नहीं आती। चूंकि समाज में ऐसे लोग भी हैं जो परिश्रम के बजाय तिकड़म के सहारे सफल होना चाहते हैं। ऐसे में ये लोग लाखों रुपये में पेपर खरीदने का पा करते हैं। व्यवस्था में भ्रष्टाचार का पुराना घुन लगा ही हुआ है। ऐसे में मोटी कमाई के लालच में पेपर लीक करने वाले सजा या दंड की परवाह किये बिना परीक्षा की शुचिता को तार–तार करने का दुस्साहस करते हैं।

पेपर लीक होने पर अभ्यर्थी, अभिभावक, समाज सेवी, राजनीतिक दलों के नेता और कार्यकर्ता सरकार, प्रशासन और परीक्षा आयोजित करने वाली एजेंसी के खिलाफ धरना, प्रदर्शन और आंदोलन करते हैं। सोशल मीडिया पर लंबे चौड़े पोस्ट लिखे जाते हैं। ये गुस्सा और नाराजगी जायज भी है। वास्तव में, किसी परीक्षा की शुचिता कायम रखना संबंधित विभाग, एजेंसी या सरकार की जिम्मेदारी होता है। किसी भी स्तर पर चूक से लाखों अभ्यर्थी और उनके परिवार प्रभावित होते हैं। लेकिन सरकार और व्यवस्था के खिलाफ धरना, प्रदर्शन और गुस्सा प्रकट करने वाले कभी पेपर खरीदने वालों के खिलाफ कोई प्रदर्शन या आंदोलन नहीं करते। उसूलन,पेपर खरीदने वाले भी पेपर बेचने वालों जितने बराबर के दोषी हैं। गलत तरीके से परीक्षा पास करने की चाहत रखने वाले चंद भ्रष्ट अभ्यर्थियों और अभिभावकों के कारण परिश्रमी अभ्यर्थियों के सपने चकनाचूर होते हैं। ऐसे में आंदोलन, प्रदर्शन के साथ सख्त कानूनी कार्रवाई पेपर खरीदने वालों के खिलाफ भी होनी चाहिए।

जब समाज में नैतिकता का स्तर ऊंचा होगा तो गलत काम करने वाले निरूत्साहित होंगे। लेकिन जब समाज स्वयं अनैतिक कृत्यों में शामिल होगा या उसका भागीदार बनेगा तो सख्त से सख्त कानून और फूलप्रूफ व्यवस्था के भी नाकाम होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। नीट यूजी मामले में समाज के चंद भ्रष्ट लोगों ने लाखों में पेपर खरीदा। लेकिन पेपर लीक होने का असर 22 लाख अभ्यर्थियों पर पड़ा। मतलब, समाज की चंद गंदी मछलियों का भुगतान पूरे तालाब की मछलियों को उठाना पड़ा। ऐसे में चंद गंदी मछलियों की खिलाफत भी जरूरी है। नीट पेपर लीक केस में लगातार अपडेट सामने आ रहे हैं। देश के सात राज्यों में लीक हुए इस पेपर को जयपुर के जमवारामगढ़ के मांगीलाल और दिनेश ने 26 अप्रैल को ही 30 लाख में खरीदा था। इन दोनों भाइयों ने सीकर में तैयारी कर रहे अपने बेटे को यह पेपर दिया। उसके बाद दोनों भाई सीकर पहुंचे और वहां 29 अप्रैल कई लोगों को सीकर में बेचा। इस परिवार से पिछले साल ही चार बच्चे नीट में चयनित हुए थे।

# ताला कस्बे में मोहर्रम का जुलूस निकाला, मैदान -ए- कर्बला ताजिया सुपुर्द-ए-खाक किया

**अखाड़ा उस्तादों ने दिखाए एक से बढ़कर एक करतब।**

चमकता राजस्थान



जमवारामगढ़ /ताला( खलील कुरैशी)। ताला कस्बे में हजरत इमाम हुसैन की याद में शुक्रवार को सुबह ताला कस्बे में मोहर्रम का जुलूस निकाला गया। जिसमें मोहर्रम के जुलूस को सुबह करीब 10.बजे शेखावाडा इमाम चौक से मातमी धुनों एवं या हुसैन के नारों के साथ जुलूस शुरू हुआ। बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग शामिल हुए मुस्लिम समाज के लोगों द्वारा शर्बत, लंगर तस्कीम किया गया। इस दौरान पूर्व सरपंच फखरूद्दीन खान शेख, पूर्व सरपंच अन्नु खां शेख,और ग्राम पंचायत ताला के प्रशासक अमीर खां शेख ने बताया कि जुलूस अल सुबह शेखावाडा मौहल्ले से शुरू होकर पटवारियों के मौहल्ले होते हुए दोपहर 1. बजे दरगाह बाजार इमाम चौक पहुंचा। 2. बजे वहां से रवाना होकर पिरपुरा इमाम चौक पर पहुंचा, वहां पर अखाड़ा उस्तादों ने एक से बढ़कर एक करतब दिखाए। वहां से जुलूस शाम 4. बजे इमाम हुसैन के नारों से रवाना होकर पंचायत के पास होते हुए ताला जोड़ा मैदान-ए-कर्बला में सुपुर्द-ए-खाक किया गया। इस दौरान ग्राम पंचायत ताला प्रशासक आमिर खान शेख, पूर्व सरपंच फकरुद्दीन शेख, पूर्व सरपंच अनु खां शेख, सीएलजी सदस्य अल्ताफ खान , पप्पू खां शेख, हाजी लतीफ़, वसीम अकरम, सीएलजी सदस्य इस्माइल खान, सहित ग्रामीण मौजूद रहें।

### कानून व्यवस्था का रहा पुख्ता इंतज़ाम

कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए जयपुर ग्रामीण एसपी हनुमान प्रसाद मीणा के निर्देशन में जमवारामगढ़ डिप्टी रामकिशन बिश्नोई के नेतृत्व में रायसर थानाधिकारी राजपाल सिंह, ताला चौकी इंचार्ज एएसआई शिवकरण गुर्जर, एएसआई राधेश्याम,हेड कांस्टेबल मुकेश कुमार, कांस्टेबल गोकुल मीणा,अमित कुमार,कांस्टेबल ओमप्रकाश, कांस्टेबल महेन्द्र सिंह, कांस्टेबल विजय कुमार मीणा सहित एसपी आफिस एवं आर एस सी का अतिरिक्त जाप्ता तैनात रहा।

# 30 दिवसीय नि:शुल्क ब्यूटी प्रशिक्षण शिविर का हुआ समापन, प्रतिभागियों को वितरित किए गए प्रशस्ति पत्र

चमकता राजस्थान

अनिल शेखर/धौलपुर। राणा गार्डन के पास स्थित नेचुरल ब्यूटी पार्लर में आयोजित 25 दिवसीय निःशुल्क ब्यूटी प्रशिक्षण शिविर का आज सफलतापूर्वक समापन हुआ। इस प्रशिक्षण शिविर का संचालन एवं मार्गदर्शन नेचुरल ब्यूटी पार्लर की संचालिका श्रीमती संध्या सक्सेना द्वारा किया गया। शिविर के दौरान क्षेत्र की बालिकाओं एवं युवतियों को निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया गया, जिससे उन्हें सौंदर्य एवं स्वरोजगार से जुड़े विभिन्न कौशल सीखने का अवसर प्राप्त हुआ। समापन समारोह के अवसर पर प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली सभी प्रतिभागी बालिकाओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महिला कांग्रेस की प्रदेश उपाध्यक्ष लीना शर्मा उपस्थित रहीं। उनके साथ अतिथि के रूप में मनोरमा जी एवं पूनम जी भी मौजूद रहीं। सभी अतिथियों ने प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र वितरित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं तथा कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण शिविर महिलाओं एवं युवतियों को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

मुख्य अतिथियों ने श्रीमती संध्या सक्सेना द्वारा समाजहित में किए जा रहे इस सराहनीय प्रयास की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस तरह की पहल से बेटियों को नए अवसर प्राप्त होते हैं और उन्हें रोजगार एवं स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है।

कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण शिविर के आयोजन के लिए आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाने की अपेक्षा जताई।



## अमूल की तानाशाही के खिलाफ अजमेर डेयरी के अध्यक्ष रामचन्द्र चौधरी की हुंकार

# 'बड़ी मछली छोटी मछलियों को डकारना चाहती है, जरूरत पड़ी तो दिल्ली के जंतर-मंतर पर देंगे धरना

चमकता राजस्थान

**रघुनंदन पारीक श्रीनगर/अजमेर।** अजमेर डेयरी के 161वें संचालक मंडल (बोर्ड) की अहम बैठक में कई दूरगामी और कड़े फैसले लिए गए हैं। बैठक में एक तरफ जहाँ मल्टी स्टेट को- ऑपरेटिव (SPCDF - अमूल) की घुसपैठ को लेकर आर-पार की लड़ाई का शंखनाद किया गया है, वहीं दूसरी ओर दुग्ध उत्पादकों के हित में कई बड़ी कल्याणकारी योजनाओं को भी मंजूरी दी गई है। इसके साथ ही, संघ ने अपनी मजबूत वित्तीय स्थिति का प्रदर्शन करते हुए 15 करोड़ रुपये के भारी लाभांश की घोषणा की है।

### ● अमूल के खिलाफ कड़ा आक्रोश और दिल्ली में आंदोलन की चेतावनी :-

अमूल द्वारा मल्टी स्टेट को-ऑपरेटिव के रूप में राजस्थान में प्रवेश के प्रयास पर अजमेर डेयरी के अध्यक्ष श्री रामचन्द्र चौधरी ने तीखा प्रहार किया है। अमूल के इस कदम को राजस्थान के किसानों के खिलाफ एक 'बड़ी साजिश' बताते हुए उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी है कि स्थानीय दुग्ध उत्पादकों के हितों की रक्षा के लिए किसी भी स्तर पर समझौता नहीं किया जाएगा।

**दोगली नीति पर रोषः-** बैठक में इस बात पर गहरा रोष जताया गया कि अमूल 1960 से कार्य कर रहा है, लेकिन वह गुजरात में अपने किसानों को राजस्थान के मुकाबले कम कीमत दे रहा है। वहीं, राजस्थान में स्थापित मजबूत सहकारी ढांचे को कुचलने के लिए जानबूझकर ज्यादा कीमत का लालच दिया जा रहा है।

**कॉर्पोरेट साजिशः** अध्यक्ष श्री चौधरी ने स्पष्ट किया कि अमूल सरदार डेयरी (SPCDF) फेडरेशन के नाम पर देश की अन्य सभी दुग्ध समितियों और संस्थाओं को हजम करना चाहती है। यह सीधे तौर पर 'बड़ी मछली द्वारा छोटी मछलियों को डकारने' की सुनियोजित साजिश है। जबकि एनसीडीएफआई पहले से ही बनी हुई है।

**सुप्रीम कोर्ट जाने की तैयारीः** बोर्ड ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया है कि यदि राज्य सरकार और सहकारिता विभाग अमूल को यहाँ पैर पसारने की अनुमति देते हैं, तो अजमेर डेयरी इसके खिलाफ स्थगन आदेश (Stay) के लिए सीधे उच्चतम न्यायालय (Supreme Court) में वाद दायर करेगी।

**जंतर-मंतर पर धरनाः-** अध्यक्ष ने दो टूक शब्दों में ऐलान किया कि अगर जरूरत पड़ी तो राजस्थान के लाखों दुग्ध उत्पादकों और देश की 'श्वेत क्रांति' से जुड़े लोगों को साथ लेकर दिल्ली के जंतर-मंतर पर विशाल धरना दिया जाएगा और उग्र आंदोलन किया जाएगा।

### ● शानदार वित्तीय प्रदर्शन और राज्य सरकार से प्रमुख मांगें :-

15 करोड़ का मुनाफाः- संघ ने पशुपालकों को दूध का उच्चतम क्रय मूल्य देने के बावजूद, कुशल प्रबंधन के दम पर गत वित्तीय वर्ष में लगभग 15 करोड़ रुपये का भारी लाभांश (प्रॉ-फिट) अर्जित किया है।

बकाया भुगतान की मांगः- राज्य सरकार से पुरजोर अनुरोध किया गया है कि 'मुख्यमंत्री दुग्ध उत्पादक सम्बल योजना' के बकाया 40 करोड़ रुपये और 'मिड- डे मील योजना' के 50 करोड़ रुपये का शीघ्र भुगतान किया जाए। इस राशि से मानसून के मौसम में पशुपालक समय पर अपनी फसल के लिए खाद, बीज और आवश्यक दवाइयां खरीद सकेंगे।

नई भर्तियांः रिक्त पदों पर नई भर्ती के लिए फ्ळअ्रा के माध्यम से राज्य सरकार से पुनः अनुरोध किया गया है।



### ● पशुपालकों के लिए कल्याणकारी सौगातें :-

**बीमा योजनाः-** अब पशुपालकों का बीमा LIC द्वारा करवाया जाएगा। इसके प्रीमियम की 1/3 (एक तिहाई) राशि अजमेर डेयरी स्वयं वहन करेगी, जबकि शेष 2/3 राशि समितियों के बचत खाते से चुकाई जाएगी। यदि RCDF द्वारा इसमें कोई अनुदान दिया जाता है, तो उतनी ही राशि समितियों के बचत खाते में से कम कर दी जाएगी। समितियों का 3 प्रतिशत कमीशन यथावत जारी रहेगा।

**बीज पर अनुदान (छूट):-** आगामी मौसम के लिए रोजड़ी फार्म से मिलने वाले 600 मीट्रिक टन रिजके के बीज पर संघ द्वारा किसानों को कीमत में विशेष अनुदान दिया जाएगा। **सेक्स सॉर्टेड सीमनः** यदि बस्सी फार्म से सेक्स सॉर्टेड सीमन निशुल्क उपलब्ध नहीं होता है, तो इसे पंतनगर विश्वविद्यालय (उत्तराखंड) से मंगवाकर वर्तमान अनुदान राशि पर ही पशुपालकों को उपलब्ध करवाया जाएगा।

**पशु आहारः-** संघ ने आकलन किया है कि भविष्य में जिला संघ अजमेर को प्रतिदिन 4800 बैग पशु आहार की आवश्यकता होगी, जिसकी आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी।

**प्रशासनिक, ढांचागत और कर्मचारी हित में बड़े निर्णय :-** कर्मचारियों की पदोन्नति का मुद्दाः संघ की संस्थापन समिति के प्रस्तावों में से मात्र दो कर्मचारियों का ही अनुमोदन किए जाने से शेष कार्मिकों में रोष है। अतः सदन ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया है कि शेष कर्मचारियों के पदोन्नति प्रस्तावों का अनुमोदन करने के लिए RCDF से पुनः अनुरोध किया जाए। जब तक वहां से स्वीकृति नहीं आती, तब तक संघ में प्रचलित स्थानीय प्रावधानों के अनुसार ही कार्यवाही की जाएगी।हाईटेक **पार्किंग व्यवस्थाः** संघ परिसर में आने वाले अतिथियों, किसानों/पशुपालकों एवं कर्मचारियों की सुविधा के लिए आधुनिक (Hi-tech / Modern) पैटर्न पर एक सुव्यवस्थित पार्किंग स्थल बनाने का निर्णय लिया गया है।

**पुराने प्लांट की नीलामीः-** NDRI करनाल द्वारा पुराने प्लांट की मूल्यांकन रिपोर्ट बेहद कम दिए जाने के कारण, सदन ने उसे सिरे से खारिज कर दिया है। अब RTPP Act के नियमों के अनुसार नीलामी की न्यूनतम बेस राशि 15 करोड़ रुपये तय की गई है।

**स्वायत्तता की रक्षाः-** RCDF द्वारा जारी उस परिपत्र को अमान्य कर दिया गया है जिसमें MD RCDF को अपील अधिकारी बनाया गया था। इस पर MD अजमेर डेयरी एवं RCDF प्रतिनिधि ने एतराज जताया। चूंकि डेयरी संघ एक स्वायत्त संस्था (Autonomous Body) है, इसलिए RCDF के SOP नियमों को पूर्णतः स्वीकार करने पर असहमति व्यक्त की गई।

**कृषि अनुसंधान के लिए जमीनः-** तबीजी फार्म कैंपस की जमीन ठफ्ळरर को देने का निर्णय लिया गया है, ताकि भारत सरकार वहां उच्च कोटि के प्याज, लहसुन और अन्य उन्नत कृषि प्रोजेक्ट लगा सके, जो सीधे तौर पर किसानों के लिए फायदेमंद साबित होगा।

**नए आधुनिक पार्लरः-** RCDF के दिशा-निर्देशों के अनुसार RTDC, सेशन कोर्ट, माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, रेवेन्यू बोर्ड, नगर निगम के नवीन कार्यालय, टळ्र विश्वविद्यालय कैंपस और साइबर कलेक्ट्रेट में आधुनिक दुग्ध पार्लर खोलने को हरी झंडी दी गई है।

इटउ का आवंटनः भविष्य में BMC (बल्क मिल्क कूलर) का आवंटन केवल संघ द्वारा ही अपने स्तर पर किया जाएगा। जिस पर प्रबंध संचालक अजमेर डेयरी और आरसीडीएफ प्रतिनिधि ने विरोध दर्ज कराया।

**डेटा ट्रांसफर :-** रील (REIL) कंपनी द्वारा दुग्ध समितियों का 1 अप्रैल 2026 के बाद प्रतिदिन का डेटा 'टेक्स्ट एक्सपर्ट' (Text Expert) जयपुर को भेजा जाएगा। NPDD कार्यः- अजमेर डेयरी की क्षमता और दूध की गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए वित्तीय वर्ष में NPDD से (B Part) की अनुमति मिलने पर सोलर सिस्टम, चिज प्लांट (Cheese Plant), चिपलेट मशीन, क्रीम प्लांट का कार्य पूर्व की भांति NPDD के माध्यम से ही संपन्न करवाया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### कल्याण करोति द्वारा लगाया गया आंखों का निशुल्क कैंप और निशुल्क ऑपरेशन



**चमकता राजस्थान/अमर दीप सेन डीग।** आज दिनांक 26/6/2026 को कल्याणम् करोति नेत्र संस्थान द्वारा ग्राम जनूथर तहसील के ग्राम नाहरौली ठाकुर मे कुण्डा मन्दिर, बडे स्कूल के सामने एक निशुल्क नेत्र जाँच एवं परामर्श शिविर का आयोजन महन्त श्री कमलदास बाबा, नाहरौली सरपंच श्री शिवसिंह, पण्डित भवानीशंकर शर्मा, राजेश फौजदार एवं समस्त ग्रामवासीयो के सानिध्य में आयोजन किया गया। जिसमें कल्याणं करोति नेत्र संस्थान के डीग जिला प्रभारी भानु जोशी नेत्र विशेषज्ञ स्नेहा जी, अतुल कुमार एवं अत्याधुनिक वातानुकूलित वाहन चालक रिषि राजपूत द्वारा शिविर को सम्पन्न किया गया। शिविर में भारी संख्या मे मरीज उपस्थित हुए। शिविर में 80 लोगो के आँखो की स्क्रीनिंग की गई, जिनमे से 16 मरीजों को मोतियाबिन्द की जांच हुई। शिविर में कुल 80 मरीजो की जाँच की गई। 8 मरीजो को चश्मे वितरित किये गये। आखो की खुजली एवं पानी आने की समस्या की दवाईयाँ वितरित की गई। शिविर समाप्ति के बाद 05 मरीजो को अत्याधुनिक वातानुकूलित सचल वाहन द्वारा कल्याणं करोति नेत्र हॉस्पीटल, गोवर्धन- मथुरा रोड (जचौदा) पर मोतियाबिन्द के निशुल्क ऑपरेशन के लिये भेजा गया। समस्त ग्रामवासियो द्वारा शिविर की सराहना की गई।

### मानवता की मिसालः पुखराज सियाग ने बहन मानकर लक्ष्मी कालबेलिया की बेटी के विवाह में भरा मायरा



**चमकता राजस्थान/बालोतरा।** गुडामालानी उपखंड के सिंधासवा हर्नियां गांव में सामाजिक सौहार्द और मानवता की अनूठी मिसाल देखने को मिली। सिंधासवा हर्नियां निवासी लक्ष्मी कालबेलिया (नाथ) की बेटी के विवाह समारोह में अयोध्यानगर, ग्राम पंचायत जुड़ी निवासी पुखराज सियाग ने पहुंचकर बहन का सम्मान करते हुए मायरा भरा। पुखराज सियाग ने लक्ष्मी कालबेलिया को अपनी बहन मानते हुए सामाजिक परंपरा का निर्वहन किया और बेटी के सुखद वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि रिश्ते केवल खून से नहीं, बल्कि अपनापन, सम्मान और मानवता से भी बनते हैं। उनका यह कदम समाज में भाईचारे, समानता और सामाजिक समरसता का प्रेरणादायक संदेश देता है। विवाह समारोह में मौजूद लोगों ने पुखराज सियाग की इस पहल की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायक बताया। ग्रामीणों ने कहा कि ऐसे कार्य सामाजिक भेदभाव को मिटाकर आपसी प्रेम और सद्भाव को मजबूत करते हैं। इस मायरे को पूरे क्षेत्र के लोगों ने इसे मानवता, भाईचारे और सामाजिक एकता का उत्कृष्ट उदाहरण बताया।

# दिवा रेलवे स्टेशन की समस्याओं पर मंडलीय बैठक में सकारात्मक चर्चा

### सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे की पहल पर जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी : नगरसेवक एडवोकेट आदेश भगत

#### दिवा रेलवे स्टेशन सहित कल्याण लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न रेल संबंधी मुद्दों पर अधिकारियों से विस्तृत चर्चा; सांसद एडवोकेट उज्ज्वल निकम से भी मुलाकात

चमकता राजस्थान

**अरविंद कोठारी/दिवा।** सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे की पहल पर आयोजित मध्य रेलवे की मंडलीय बैठक में दिवा रेलवे स्टेशन की लंबित समस्याओं सहित कल्याण लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न रेल संबंधी मुद्दों पर विस्तृत एवं सकारात्मक चर्चा हुई। यह जानकारी नगरसेवक एडवोकेट आदेश भगत ने दी।

बैठक में रेलवे प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों के समक्ष दिवा रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को होने वाली परेशानियां, आवश्यक सुविधाएं, विकास कार्य तथा लंबित मांगों को प्रमुखता से रखा गया। उन्होंने बताया कि इन सभी मुद्दों पर रेलवे प्रशासन ने सकारात्मक रुख अपनाया है।

इस अवसर पर प्रसिद्ध विधि विशेषज्ञ एवं सांसद एडवोकेट उज्ज्वल निकम से मुलाकात करने का अवसर भी मिला, जिसका उल्लेख एडवोकेट आदेश भगत ने किया।



बैठक में ठाणे लोकसभा क्षेत्र के सांसद नरेश म्हस्के, सांसद श्रीरंग आप्पा बारणे, सांसद सुरेश म्हात्रे, सांसद राजाभाऊ वाजे, सांसद एडवोकेट उज्ज्वल निकम, मध्य रेलवे के महाप्रबंधक राजीव श्रीवास्तव, मंडल रेल प्रबंधक हिरीष मीना, मुख्य सुरक्षा आयुक्त विवेक सागर, प्रधान मुख्य अभियंता रजनीश माथुर, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी भुवनेश कुमार यादव, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी अक्षय सक्सेना, सचिव पी. के. चतुर्वेदी तथा शिवसेना नगरसेवक सुभाष सालुंखे उपस्थित थे।

बैठक में दिवा रेलवे स्टेशन के समग्र विकास, यात्रियों की सुविधाओं में बढ़ोतरी तथा विभिन्न लंबित रेल परियोजनाओं और कार्यों को शीघ्र पूरा करने के संबंध में सकारात्मक चर्चा हुई। नगरसेवक एडवोकेट आदेश भगत ने विश्वास व्यक्त किया कि इन चर्चाओं का लाभ जल्द ही दिवा और आसपास के क्षेत्र के रेल यात्रियों को मिलेगा।

### दौसा साइबर थाना की बड़ी कार्रवाईः 1.72 करोड़ की साइबर ठगी का खुलासा

चमकता राजस्थान

रिवेन्द्र कुमार शर्मा/दौसा। साइबर थाना पुलिस ने एशियन पेंट्स के मास्टरस्ट्रोक ऐप में सेंध लगाकर 1.72 करोड़ रुपये की साइबर ठगी करने वाले दो शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। कार्रवाई जयपुर रेंज के आईजी राहुल प्रकाश, दौसा एसपी पीयूष दीक्षित और एएसपी शंकर लाल मीणा के निर्देश पर हुई। आरोपियों ने [अ२ल्ल ढंल्ल३२] के रिवॉर्ड प्रोग्राम में फर्जी दफकोड बनाकर धोखाधड़ी की। तकनीकी जांच के बाद पुलिस ने रिंकू कुमार सैनी और राहुल कुमार सैनी को गिरफ्तार किया। इससे पहले दो आरोपी न्यायिक अभिरक्षा में भेजे जा चुके हैं। पुलिस गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश में जुटी है।

### अवस्थी कॉलोनी में जलभराव की समस्या दूर करने को नगर पालिका ने जेसीबी से कराई नालों व रास्तों की सफाई



**चमकता राजस्थान/धौलपुर रामदास तरुण।** बाड़ी उपखंड की खबर, अवस्थी कॉलोनी में लंबे समय से बनी जलभराव की समस्या के समाधान के लिए नगर पालिका मंडल बाड़ी द्वारा विशेष अभियान चलाकर नालियों एवं अवरुद्ध रास्तों की सफाई कराई गई। यह कार्रवाई जिला कलेक्टर श्री निधि बीटी तथा उपखंड अधिकारी एवं प्रशासक अमित कुमार वर्मा के निर्देशानुसार और अधिशाषी अधिकारी उत्तम चंद्र बंसल के निर्देशन में संपन्न हुई।जानकारी के अनुसार अवस्थी कॉलोनी के कुछ हिस्सों में जल निकासी मार्गों और नालियों पर अवरोध उत्पन्न होने से घरों का गंदा पानी रास्तों में जमा हो रहा था। इससे स्थानीय निवासियों को आवागमन में कठिनाई के साथ-साथ स्वच्छता संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था। समस्या की सूचना मिलने पर नगर पालिका की टीम मौके पर पहुंची और जेसीबी मशीन की सहायता से बंद पड़े रास्तों तथा नालियों की सफाई कराकर जल निकासी व्यवस्था को सुचारु बनाया। सफाई कार्य के बाद क्षेत्र में जमा पानी की निकासी शुरू हो गई, जिससे स्थानीय लोगों को राहत मिली। नगर पालिका अधिकारियों ने बताया कि बरसात के मौसम को देखते हुए शहर के विभिन्न क्षेत्रों में जल निकासी व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए लगातार निरीक्षण एवं सफाई कार्य किए जा रहे हैं। नगर पालिका प्रशासन ने नागरिकों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि नालियों, जल निकासी मार्गों एवं सार्वजनिक रास्तों पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण या अवरोध न करें। इससे बरसात के दौरान जलभराव की समस्या को रोका जा सकेगा तथा शहर की स्वच्छता और यातायात व्यवस्था भी सुचारु बनी रहेगी। अधिकारियों ने आश्वस्त किया कि नगर पालिका भविष्य में भी ऐसे संवेदनशील क्षेत्रों का नियमित निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई करती रहेगी, ताकि नागरिकों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें।

## नशा मुक्त भारत अभियान सप्ताह के समापन एवं अन्तर्राष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस के अवसर पर जिलास्तरीय कार्यशाला आयोजित, नशे के दुष्प्रभाव के प्रति किया गया जागरूक

चमकता राजस्थान

अमर दीप सेन डीग। अन्तर्राष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस के अवसर पर शुक्रवार को एक दिवसीय कार्यशाला एवं नशा मुक्त भारत अभियान सप्ताह का समापन कार्यक्रम पंचायत समिति डीग सभागार में अतिरिक्त जिला कलक्टर राजकुमार कस्वां की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी कुलदीप सिंह द्वारा अतिथियों का स्वागत कर समस्त आगन्तुकों को नशा मुक्त भारत अभियान के उद्देश्य एवं रूपरेखा से अवगत कराया गया। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अतिरिक्त सीएमएचओ डॉ मानसिंह द्वारा नशा से स्वास्थ्य पर पड़ने वाले विपरीत प्रभाव एवं उससे मुक्ति पाने के उपायों के बारे में बताया गया। ब्रह्मकुमारी संस्थान से कार्यक्रम में पधारी प्रवीना द्वारा योग एवं साधना के माध्यम से नशा से छुटकारा पाने के तरीके बताये गये एवं योग शक्ति द्वारा अर्जित मानसिक दृढ निश्चय को नशा से मुक्ति का मार्ग बताया। पुलिस विभाग से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अखिलेश शर्मा द्वारा गैर कानूनी नशीले पदार्थो के खिलाफ पुलिस कार्यवाही एवं कानूनी प्रावधानों से आमजन को जागरूक किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अतिरिक्त जिला कलेक्टर द्वारा नशा से समाज एवं परिवार पर पड़ने वाले नकारात्मक प्रभावों पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में एसीईओ मोहन सिंह, सहायक निदेशक आयुष विभाग डॉ राजेश कुमार, डॉ राजेश जैमन, विकास अधिकारी जतनसिंह गुर्जर, जिला शिक्षा अधिकारी बलवीर सिंह सहित अन्य जिला व ब्लॉक स्तरीय अधिकारीगण व नागरिकगण उपस्थित रहे।



## संक्षिप्त समाचार

### दो दिवसीय निशुल्क शिविर का समापन



**चमकता राजस्थान/ब्यावर।** बच्चों को योग एवं योगासन खेलों से जोड़ने तथा उन्हें खेलों के माध्यम से राज्य,राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर तक आगे बढ़ाने के उद्देश्य से ब्लैक बेल्ट अकैडमी में दो दिवसीय निशुल्क योग एवं योगासन प्रशिक्षण शिविर का समापन किया गया।
शिविर में ब्यावर योगासन स्पोर्ट्स की सचिव एवं महिला पतंजलि योग समिति की जिला प्रभारी श्रीमती जसमीत कौर सलूजा ने बच्चों को योगासन खेलों की विस्तृत जानकारी देते हुए एडवांस्ड आसनों का अभ्यास कराया। उन्होंने बताया कि नियमित अभ्यास, अनुशासित दिनचर्या एवं संतुलित खानपान के माध्यम से खिलाड़ी राज्य एवं राष्ट्रीय,अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं। साथ ही बच्चों को प्रतियोगिताओं की तैयारी, खेल की तकनीक एवं चयन प्रक्रिया से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी भी प्रदान की गई।कार्यक्रम में डॉ. सी.पी. सेन असिस्टेंट डायरेक्टर आयुर्वेद विभाग द्वारा योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए प्राणायाम एवं नियमित योगाभ्यास के लाभों की जानकारी दी। उन्होंने बच्चों को स्वस्थ एवं संतुलित जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया।श्रीमती जसमीत कौर सलूजा ने योगाभ्यास के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों तथा प्रतियोगी योगासन के लिए आवश्यक आसनों के चयन एवं अभ्यास के विषय में भी मार्गदर्शन दिया।कार्यक्रम के अंत में ब्लैक बेल्ट अकैडमी संचालक अतुल भाटी ,उपाध्यक्ष राजस्थान ट्रेडीशनल स्पोर्ट्स कराटे एसोसिएशन के द्वारा डॉक्टर सीपी सेन व जसमीत कौर सलूजा का माला पहनाकर एवं मोमेंटो देकर सम्मान किया गया।

### नशा मुक्ति दिवस के अवसर पर सुसाइड प्रिवेंशन प्रोजेक्ट का भव्य शुभारंभ




**चमकता राजस्थान/अविनाश शर्मा/जयपुर।** अंतरराष्ट्रीय नशा विरोधी दिवस के अवसर पर नवजीवन केन्द्र एवं जोयफुल हेवन काउंसलिंग सेंटर द्वारा आयोजित नशा मुक्ति एवं मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम के दौरान एक महत्वपूर्ण सामाजिक पहल ''सुसाइड प्रिवेंशन प्रोजेक्ट '' का भी बड़े स्तर पर शुभारंभ किया गया।
इस परियोजना का उद्देश्य मानसिक तनाव, भावनात्मक संकट और जीवन में आने वाली कठिन परिस्थितियों से जूझ रहे लोगों को समय पर सहायता, भावनात्मक सहयोग और मानसिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम में नशे से प्रभावित मरीजों को जागरूक करते हुए यह संदेश दिया गया कि मानसिक पीड़ा को छुपाने की बजाय साझा करना और समय पर सहायता लेना जीवन को सकारात्मक दिशा दे सकता है। आत्महत्या की रोकथाम केवल एक व्यक्ति की नहीं बल्कि पूरे समाज की जिम्मेदारी है।

### मनोज जैन को दूसरी बार आईएफडब्ल्यूजे जोधपुर जिला ग्रामीण अध्यक्ष की जिम्मेदारी, पत्रकारों ने किया स्वागत

**चमकता राजस्थान/शेरगढ़।** राष्ट्रीय पत्रकार संगठन आईएफडब्ल्यूजे द्वारा वरिष्ठ पत्रकार मनोज जैन को दूसरी बार फिर जोधपुर जिला ग्रामीण अध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया है। जिम्मेदारी मिलने पर पत्रकार संगठन के पदाधिकारियों एवं साथियों ने शेरगढ़ पहुंचकर मनोज जैन को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस दौरान पत्रकार साथियों ने मनोज जैन का साफा पहनाकर एवं माला पहनाकर स्वागत किया। पत्रकारों ने कहा कि उनके अनुभव, सक्रियता और नेतृत्व से संगठन को मजबूती मिलेगी तथा पत्रकार हितों को नई दिशा मिलेगी। मनोज जैन ने कहा कि पूर्व की तरह ही सभी पत्रकार साथियों का स्नेह, सहयोग और विश्वास आगे भी बना रहेगा। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता के क्षेत्र में नए नवाचार करने और संगठन को मजबूत बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने जिम्मेदारी सौंपने के लिए राष्ट्रीय पत्रकार संगठन आईएफडब्ल्यूजे का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सुमेर सिंह, विक्रम सिंह, दुर्जनराम, भीखाराम बोस, श्रेणीदान चारण , कुलदीप टेलर, मदन सियाग, दिनेश परमार, रावतराम दर्जी, प्रकाश दहिया सहित पत्रकार साथी मौजूद रहे।



### ब्यावर के 40 प्रतिभागियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

# भारत स्काउट एवं गाइड का यूथ एडवेंचर प्रोग्राम सफलतापूर्वक संपन्न

चमकता राजस्थान

**ब्यावर।** भारत स्काउट एवं गाइड राष्ट्रीय मुख्यालय, नई दिल्ली के तत्वावधान में आयोजित यूथ एडवेंचर प्रोग्राम रायवाला रेलवे स्टेशन स्थित स्काउट-गाइड प्रशिक्षण केंद्र, हरिद्वार में शिविर प्रभारी अमन सर एवं कमल सर के नेतृत्व में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।
सहायक स्टेट कमिश्नर विमल चौहान ने बताया कि राजस्थान के कुल 72 प्रतिभागियों में से 40 प्रतिभागियों का चयन अकेले ब्यावर जिले से हुआ, जो जिले के लिए अत्यंत गौरव एवं सम्मान की बात है।
इस अवसर पर विमल चौहान ने अपने प्रेरणादायक उद्बोधन में कहा कि ₹स्काउट एवं गाइड केवल एक संगठन नहीं, बल्कि जीवन जीने की श्रेष्ठ कला सिखाने वाला संस्कारों का विद्यालय है। ऐसे एडवेंचर कार्यक्रम युवाओं में आत्मविश्वास, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, सेवा भावना, राष्ट्रप्रेम और विपरीत परिस्थितियों में कार्य करने की क्षमता का विकास करते हैं। प्रकृति के बीच रहकर कठिन परिस्थितियों का सामना करने से युवा आत्मनिर्भर बनते हैं तथा टीम भावना के साथ कार्य करना सीखते हैं। हमें अपने जीवन में स्काउट-गाइड के आदर्शों को अपनाकर समाज, राष्ट्र और मानवता की सेवा के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए।₹ उन्होंने सभी प्रतिभागियों को भविष्य में भी राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षण कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया।
ब्यावर जिले का नेतृत्व मोहन सिंह चौहान के संयोजन में हरिद्वार पहुँचा। शिविर के दौरान प्रतिभागियों ने हरिद्वार, केदारनाथ, बद्रीनाथ, देवप्रयाग तथा भारत के प्रथम ग्राम माणा सहित अनेक धार्मिक एवं ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में साहस, नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, टीम भावना एवं सेवा भाव का विकास करना था।



## नैशनल ओबीसी वेलफेयर सोसाइटी के नेतृत्व में अति पिछड़ी जातियों ने किया आयोजन

### ओबीसी आरक्षण वर्गीकरण को लेकर उठी आवाज

चमकता राजस्थान

**रतनगढ़/चुरु सांवदाता** अशोक प्रजापति। चुरू रतनगढ़ टाउन हॉल में आज पूर्व प्रधानमंत्री आदरणीय विश्वनाथ प्रताप सिंह की जयंती श्रद्धा, सम्मान और उत्साह के साथ मनाई गई। यह आयोजन नैशनल ओबीसी वेलफेयर सोसाइटी के नेतृत्व में अति पिछड़ी जातियों द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें समाज के अनेक गणमान्य नागरिक, पदाधिकारी एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजकुमार सैनी, पूर्व सांसद कुरुक्षेत्र, रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में दौलत राम पेंसिया, राष्ट्रीय अध्यक्ष झ नैशनल जन मंडल पार्टी, उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता गिरधारी लाल तंवर ने की।इस अवसर पर वक्ताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह के सामाजिक न्याय, पिछड़े वर्गों के अधिकारों और आरक्षण व्यवस्था को मजबूती देने में दिए गए ऐतिहासिक योगदान को याद किया। वक्ताओं ने कहा कि विश्वनाथ प्रताप सिंह ने पिछड़े वर्गों को उनका अधिकार दिलाने के लिए ऐतिहासिक कार्य किया, जिसे समाज हमेशा याद रखेगा।कार्यक्रम में चंद्रमोहन सैनी एवं उनकी पूरी टीम का विशेष आभार व्यक्त किया गया। वक्ताओं ने कहा कि वर्षों बाद पिछड़े वर्गों को आरक्षण दिलाने वाले महापुरुष विश्वनाथ प्रताप सिंह की जयंती को सम्मानपूर्वक मनाना सामाजिक चेतना और एकजुटता का प्रतीक है। कार्यक्रम में वक्ताओं ने राजस्थान में ओबीसी आरक्षण के वर्गीकरण की मांग को जोरदार ढंग से उठाया तथा इसके लिए संघर्ष का आ''ान किया। साथ ही डीएनटी (घुमंतू एवं अति पिछड़ी जातियों) को अलग से आरक्षण दिए जाने की मांग को भी प्रमुखता से रखा गया।वक्ताओं ने उपस्थित समाजबंधुओं से अपील की कि 1 जुलाई को जयपुर में आयोजित रैली एवं महापड़ाव में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर ओबीसी आरक्षण वर्गीकरण तथा डीएनटी समाज को अलग आरक्षण दिलाने के आंदोलन को मजबूत बनाएं।समारोह में सामाजिक न्याय, संगठन, समान अधिकार और पिछड़े वर्गों की भागीदारी को लेकर विस्तार से विचार रखे गए। कार्यक्रम का समापन सामाजिक एकता और अधिकारों की लड़ाई को आगे बढ़ाने के संकल्प के साथ हुआ।




### महवा पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 382 ट्रामाडोल कैप्सूल के साथ आरोपी गिरफ्तार



**चमकता राजस्थान/रिवेन्द्र कुमार शर्मा/दौसा।** जिले के महवा पुलिस थाना ने विशेष अभियान ऑपरेशन एंटी वेनम-3 के तहत अवैध नशीली दवाइयों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए आरोपी राहुल शर्मा को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 382 ट्रामाडोल कैप्सूल बरामद किए, जिनका कुल शुद्ध वजन 19 ग्राम 10 मिलीग्राम बताया गया है। यह कार्रवाई महानिरीक्षक पुलिस जयपुर रेंज राहुल प्रकाश, जिला पुलिस अधीक्षक दौसा पीयूष दीक्षित तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शंकरलाल के निर्देशों पर की गई। वृत्ताधिकारी महवा अनूप सिंह के सुपरविजन और थानाधिकारी महेन्द्र सिंह के नेतृत्व में गठित टीम ने मंडावर रोड स्थित भगवती मैरीज होम के पास श्याम मेडिकल स्टोर पर दबिश दी।
आरोपी के खिलाफ प्रकरण संख्या 298/2026 में धारा 8/22 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। महवा पुलिस का अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ अभियान लगातार जारी है।

### बांदीकुई पुलिस का बड़ा खुलासा, दिनदहाड़े मकान में चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**चमकता राजस्थान/रिवेन्द्र कुमार शर्मा/दौसा।** जिले के बांदीकुई पुलिस ने 20 जून 2026 को दिनदहाड़े हुई चोरी की वारदात का खुलासा करते हुए एक शातिर आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त TVS Raider मोटरसाइकिल भी जब्त की है।
प्रार्थी सुरेश कुमार गुर्जर निवासी न्यू देवनगर कॉलोनी, मुकुंदपुरा ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 20 जून को उनकी अनुपस्थिति में अज्ञात चोर घर का ताला तोड़कर लाखों रुपये के सोने-चांदी के आभूषण तथा 5000 रुपये नकद चोरी कर ले गए। चोरी गए सामान में करीब डेढ़ किलो चांदी और 6-7 तोला सोना शामिल था।
घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने विशेष टीम गठित की और आसपास के करीब 100 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। रूट चार्ट तैयार कर तकनीकी जांच के आधार पर आरोपी हीरालाल सोनी (34) निवासी छापुड़ा कला, जिला जयपुर ग्रामीण को नामजद कर गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी ने घाटे के कारण अपने साथियों संग वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने कुछ चोरीशुदा आभूषण बरामद कर लिए हैं, जबकि अन्य साथियों और शेष माल की तलाश जारी है।

## रिलायंस रिटेल, भारत में 'ग्रेट प्लेस टू वर्क' की लिस्ट में 13वें स्थान पर

- **RIL और रिलायंस रिटेल को Nation Builders Employers में भी जगह मिली**

चमकता राजस्थान

**मुंबई।** रिलायंस रिटेल को काम करने के लिए भारत की सबसे अच्छी कंपनियों में 13वां स्थान मिला है। 'ग्रेट प्लेस टू वर्क इंस्टीट्यूट' की ''इंडियाज बेस्ट कंपनी टू वर्क फॉर 2026'' सूची में कंपनी को टॉप-100 कंपनियों में यह रैंकिंग दी गई है। इस सूची में पहले तीन स्थानों पर हिल्टन, सिस्को सिस्टम्स इंडिया और सिंक्रोनी इंटरनेशनल सर्विसेज हैं। रैंकिंग की घोषणा 'ग्रेट प्लेस टू वर्क इंस्टीट्यूट' द्वारा आयोजित कार्यक्रम में की गई। रिलायंस रिटेल देश के सबसे बड़े रिटेल नेटवर्क को चलाता है और सूची के अनुसार कंपनी के भारत में स्थित कर्मचारियों की संख्या 1,30,457 है। इतने बड़े कर्मचारी आधार के साथ टॉप-100 कंपनियों में 13वां स्थान हासिल करना कंपनी की कार्य-संस्कृति के लिए अहम माना जा रहा है।
रिलायंस इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड और रिलायंस रिटेल को संयुक्त रूप से ''Indials Best Employers Among Nation-Builders'' में भी मान्यता मिली है। यह मान्यता उन कंपनियों को दी जाती है, जिनका असर केवल कारोबार तक सीमित नहीं रहता, बल्कि रोजगार, जरूरी सेवाओं और राष्ट्रीय विकास से भी जुड़ता है।
ग्रेट प्लेस टू वर्क की रैंकिंग कर्मचारी अनुभव और कंपनी की कार्य-संस्कृति के आकलन पर आधारित होती है। इसमें ट्रस्ट इंडेक्स सर्वे को 75 प्रतिशत और कल्चरल ऑडिट को 25 प्रतिशत वेटेज दिया जाता है। रैंकिंग संस्था के अनुसार टॉप-100 सूची में जगह बनाने में किसी जूरी या व्यक्ति की राय नहीं, बल्कि कर्मचारी फीडबैक और वर्किंग कल्चर की अहम भूमिका होती है।
रिलायंस रिटेल की यह उपलब्धि ऐसे समय आई है, जब रिटेल सेक्टर तेजी से बदल रहा है। ऑनलाइन और ऑफलाइन कारोबार, तकनीक, सप्लाई चेन और स्टोर ऑपरेशन के बढ़ते दायरे के बीच यह रैंकिंग कंपनी की कर्मचारी-केंद्रित संस्कृति को रेखांकित करती है।

### मेघा फैशन स्टार ऑफ राजस्थान का पहला ऑनलाइन ऑडिशनन्न, जल्द होंगे राजस्थान के प्रमुख शहरों में लाइव ऑडिशन




**चमकता राजस्थान/मनीष मेहता/जोधपुर।** नई दिल्ली की मॉडल मैनेजमेंट संस्था मेघा कास्टिंग एजेंसी द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित फैशन एवं मॉडलिंग प्रतियोगिता ₹मेघा फैशन स्टार ऑफ राजस्थान का पहला ऑडिशन गुरुवार, 25 जून 2026 को सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इस ऑडिशन में जोधपुर सहित आस पास के विभिन्न क्षेत्रो से करीब 160 प्रतिभाशाली प्रतिभागियों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इसी कड़ी मैं अगला ऑडीशन 16 जुलाई को रखा गया है
प्रतियोगिता की तीन प्रमुख श्रेणियाँ–मिस्टर (पुरुष), मिस (अविवाहित महिला) एवं मिसेज़ (विवाहित महिला)–रखी गई हैं। प्रतिभागियों का मूल्यांकन रैंप वॉक, पोज़ींग, कैमरा फेसिंग, एक्टिंग एवं स्क्रीन प्रेज़ेंस के आधार पर विशेषज्ञ निर्णायक मंडल द्वारा किया गया।जिसमे एक्स मिस इंडिया अर्थ और प्रेजेंट कोच डॉक्टर सोनल परिहर,विनर ऑफ मिसेज राजस्थान इंडिया 2022 दुर्गा तंवर, मिस्टर जोधपुर 2008 विशाल बोहरा एव जीत कॉलेज के फैशन डिजाइनिंग डिपार्टमेंट से ट्विकल शर्मा द्वारा चयनित प्रतिभागियों को आगामी लाइव ऑडिशन एवं ग्रैंड फिनाले के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया है। तथा एजेंसी की मैनेजमेंट टीम जिसमे राहुल, पंकज, खुशी, माही,वंदना , ईशा, किशन, देव, सानिया, जन्नत, स्वरूप, लक्षय राव आदि ने व्यवस्था का विशेष ध्यान रखते हुए कार्यक्रम सम्पन किया।

## बहरावती क्रिकेट टूर्नामेंट का रोमांचक समापन, पैंकरी टीम बनी चैंपियन

चमकता राजस्थान

**अनिल शेखर।** शहीद अवंती प्रीमियर लीग बहरावती के तत्वावधान में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य समापन उत्साह और खेल भावना के बीच संपन्न हुआ। टूर्नामेंट का शुभारंभ 27 जून 2026 को मुख्य अतिथि रोहित गुर्जर मानपुर ने फीता काटकर किया था। फाइनल मुकाबले में रजौरा कला और पैंकरी की टीमें आमने-सामने रहीं।
टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए रजौरा कला की टीम ने निर्धारित 10 ओवर में 10 विकेट खोकर 88 रन बनाए। जवाब में पैंकरी की टीम ने शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए 9वें ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया और टूर्नामेंट अपने नाम कर लिया।
पैंकरी के सत्यपाल ने 39 रनों की शानदार मैच जिताऊ पारी खेलकर मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार जीता, जबकि पूरे टूर्नामेंट में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए धर्मवीर कुशवाह को मैन ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया। समापन समारोह में अतिथियों के रूप में मुकेश सरपंच (रजौरा), पूरन डीलर (पैंकरी), कैलाशी ठेकेदार (कनासिल), अमर सिंह अध्यापक (पैंकरी), उपसरपंच खुमान सिंह (चितौरा पंचायत), लाखन सिंह एवं अलीगढ़ निवासी फूफा जी उपस्थित रहे। सभी अतिथियों का स्वागत शहीद अवंती खेल संघ के अध्यक्ष राजुद्दीन खान ने साफा व माल्यार्पण कर किया।
मैच में रफीक सर (बहरावती) एवं धर्मवीर सर (रमगढ़ा) ने अंपायरिंग की, जबकि सुनील राजपूत (पैंकरी) ने कॉमेंट्री और अनिल लोधा (बहरावती) ने स्कोरर की जिम्मेदारी निभाई। आयोजन को सफल बनाने में धर्मेंद्र सिंह ठेकेदार, फिरोज खान (प्राची ई-मित्र), जीतू टावर वाले, भीमसेन, प्रेम सिंह, टीकम सिंह, पैंकरी टीम के कोच अशोक, हरिकिशन, मलखान सर, बंटू सर सहित समिति सदस्यों और खेल प्रेमियों का विशेष सहयोग रहा।
आयोजक एवं शहीद अवंती प्रीमियर लीग के अध्यक्ष राजुद्दीन खान ने कहा हमारा उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं को बेहतर मंच उपलब्ध कराना है। खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों का उत्साह बताता है कि ऐसे आयोजन युवाओं को नई दिशा देते हैं। भविष्य में भी इससे बड़े और बेहतर खेल आयोजनों का आयोजन किया जाएगा। रोहित गुर्जर मानपुर ने बताया कि ग्रामीण अंचल में ऐसे खेल आयोजन युवाओं की प्रतिभा को नई पहचान देने के साथ उन्हें अनुशासन, खेल भावना और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का संदेश देते हैं।



यौमे आशूरा पर ईमान, सब्र, इंसाफ और इंसानियत का दिया गया संदेश,

# हज़रत इमाम हुसैन की अज़ीम शहादत की याद में निकले सैकड़ों ताज़िये, कर्बला में सुपुर्द-ए-ख़ाक


## पुलिस आयुक्त सचिन मित्तल के निर्देशन में पुलिस की चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था में शांतिपूर्ण संपन्न हुए धार्मिक आयोजन

चमकता राजस्थान

**जयपुर (खलील कुरैशी)।** इस्लाम के इतिहास की सबसे महान कुर्बानियों में शुमार हज़रत इमाम हुसैन (अ.स.) और कर्बला के 72 जांनिसार साथियों की अज़ीम शहादत की याद में मनाए जाने वाले यौमे आशूरा (मोहर्रम) पर शुक्रवार को जयपुर में गहरी अकीदत, ग़म, अनुशासन और भाईचारे के वातावरण में सैकड़ों ताज़ियै निकाले गए। देर रात सभी ताज़ियों को रामगढ़ मोड़ स्थित कर्बला मैदान में धार्मिक परंपराओं के अनुरूप पूरे एहतराम के साथ सुपुर्द-ए-ख़ाक किया गया हज़रत इमाम हुसैन की शहादत केवल एक ऐतिहासिक घटना नहीं, बल्कि जुल्म के सामने सिर न झुकाने, हक़ और इंसाफ के लिए हर कुर्बानी देने, सब्र, त्याग, मानवता और सत्य की रक्षा का अमर संदेश है। कर्बला की यह महान कुर्बानी आज भी पूरी दुनिया को अन्याय के विरुद्ध डटकर खड़े होने और मानव मूल्यों की रक्षा करने की प्रेरणा देती है।शहर के शास्त्री नगर, झोटवाड़ा, हसनपुरा, तोपखाना, घाटगेट, रामगंज, जालूपुरा, हमीद नगर, आदर्श नगर, बगरू वाला का रास्ता, मोहल्ला तवायफान, पन्नीगरान, हांडीपुरा, नीलगरान, चौकड़ी रामचन्द्रजी, सीलावटान, बाबू टीबा सहित अनेक क्षेत्रों से निकले 300 से अधिक ताज़ियै पारंपरिक मार्गों से होते हुए बड़ी चौपड़, छोटी चौपड़, चांदपोल, सिरहड्योढ़ी बाजार और सुभाष चौक पहुंचे। यहां से सभी जुलूस कर्बला मैदान पहुंचे, जहां धार्मिक रीति-रिवाजों के अनुसार ताज़ियों को सुपुर्द-ए-ख़ाक किया गया। सिटी पैलेस के स्वर्ण एवं रजत ताज़ियै भी श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहे।









सोने-चांदी का ताजिया।

### पुलिस आयुक्त सचिन मित्तल के कुशल नेतृत्व में रही अभेद सुरक्षा व्यवस्था

मोहर्रम के अवसर पर पुलिस आयुक्त सचिन मित्तल के कुशल नेतृत्व एवं प्रभावी निर्देशन में जयपुर पुलिस ने पूरे शहर में व्यापक और चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की। संवेदनशील क्षेत्रों, प्रमुख चौराहों और जुलूस मार्गों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहा। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी लगातार व्यवस्थाओं की निगरानी करते रहे तथा यातायात एवं सुरक्षा प्रबंधन पर विशेष ध्यान दिया गया। पुलिस और प्रशासन की सतर्कता, प्रभावी समन्वय तथा मुस्लिम समाज के सहयोग से सभी धार्मिक आयोजन पूर्णतः शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण और व्यवस्थित वातावरण में संपन्न हुए।यौमे आशूरा के अवसर पर जयपुर ने एक बार फिर यह संदेश दिया कि हज़रत इमाम हुसैन की शहादत मानवता, सत्य, न्याय, सब्र, त्याग और भाईचारे की अमर मिसाल है, जो हर दौर में समाज को शांति, सद्भाव और इंसाफ के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती रहेगी।

- **मजलिसों में उलेमाओं ने हज़रत इमाम हुसैन की शहादत के उद्देश्य पर प्रकाश डाला**

जुलूस के दौरान आयोजित मजलिसों में उलेमाओं ने हज़रत इमाम हुसैन की शहादत के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कर्बला का पैगाम पूरी मानवता के लिए है। उन्होंने बताया कि इमाम हुसैन ने सत्ता या स्वार्थ के लिए नहीं, बल्कि दीन, इंसाफ, सत्य और मानव गरिमा की रक्षा के लिए अपनी और अपने परिवार की कुर्बानी दी। यही कारण है कि कर्बला का संदेश आज भी पूरी दुनिया में इंसानियत, अमन और भाईचारे की मिसाल माना जाता है।

- **अकीदतमंदों ने रोज़ा रखकर इबादत की, दुआएं मांगी तथा कर्बला पहुंचकर फातिहा पढ़ी**

जुलूस मार्ग पर विभिन्न सामाजिक संस्थाओं, स्थानीय नागरिकों और स्वयंसेवी संगठनों ने पानी, शरबत और सबीलों की व्यवस्था कर सेवा और इंसानियत की परंपरा निभाई। कई स्थानों पर ज़रूरतमंदों को भोजन भी कराया गया। मातमी धुनों के बीच श्रद्धालुओं ने पारंपरिक मातम कर कर्बला की दर्दनाक घटना को याद किया। जुलूस में शामिल अनेक युवाओं के हाथों में तिरंगा भी दिखाई दिया, जिसने राष्ट्रीय एकता, सद्भाव और देशभक्ति का संदेश दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### जिला कलक्टर संदेश नायक की अध्यक्षता में आयोजित हुआ हरियालों राजस्थान अभियान

- **प्रतिदिन होगी समीक्षाः जियो-टैगिंग में लापरवाही पर जिला कलक्टर सख्त**




**चमकता राजस्थान/जयपुर! (खलील कुरैशी)।** जिला कलक्टर संदेश नायक की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में हरियालो राजस्थान अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक आयोजित हुई बैठक में पौधारोपण कार्यों की तैयारियों, जियो-टैगिंग एवं विभागवार प्रगति की समीक्षा की गई।जिला कलक्टर ने सभी विभागों को निर्देश दिए कि पौधारोपण कार्य शीघ्र प्रारंभ कर प्रत्येक पौधारोपण स्थल की हरियालो राजस्थान ऐप पर समयबद्ध जियो-टैगिंग सुनिश्चित की जाए। जिन विभागों की प्रगति संतोषजनक नहीं पाई गई, उन्हें फटकार लगाते हुए तत्काल सुधार के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अभियान की प्रतिदिन समीक्षा और प्रभावी मॉनिटरिंग की जाएगी तथा सभी विभाग समन्वय के साथ निर्धारित लक्ष्यों को गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ पूरा करें।बैठक में उपवन संरक्षक वी. केतन कुमार ने अभियान की तैयारियों, जियो-ट्रैकिंग की प्रगति तथा वन विभाग द्वारा विभिन्न विभागों को उपलब्ध कराए जाने वाले पौधों एवं वितरण व्यवस्था की जानकारी दी।बैठक में वन, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज, शिक्षा, सहकारिता, खान, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल, एनएचएआई, जेडीए, सार्वजनिक निर्माण विभाग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया। इस अवसर पर जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रतिभा वर्मा, अतिरिक्त जिला कलक्टर राजीव द्विवेदी, मेघराज मीणा, आशीष कुमार एवं युगांतर शर्मा सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।बैठक में स्पष्ट किया गया कि ₹हरियालो राजस्थान₹ अभियान को जनभागीदारी, प्रभावी मॉनिटरिंग और समयबद्ध पौधारोपण के माध्यम से सफल बनाते हुए प्रदेश में हरित आवरण बढ़ाने के लक्ष्य को प्राथमिकता के साथ पूरा किया जाएगा।

अलवर पुलिस की बड़ी सफलता:

## नाबालिग से दुष्कर्म का 25 हजार का इनामी आरोपी 24 घंटे में गिरफ्तार

चमकता राजस्थान

जयपुर। (खलील कुरैशी)अलवर जिले के टहला थाना क्षेत्र में नाबालिग बालिका के अपहरण एवं दुष्कर्म के मामले में अलवर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 25 हजार रुपये के इनामी मुख्य आरोपी को मात्र 24 घंटे में गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को शरण देने वाले उसके सहयोगी को भी गिरफ्तार किया गया है। वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल चोरी की निकली है, जिसकी जांच जारी है।पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. दीपक कुमार एवं डॉ. प्रियंका के सुपरविजन तथा वृताधिकारी कुलदीप देशराज एवं इंदु लोदी के नेतृत्व में गठित संयुक्त टीम ने राजगढ़, डीएसटी, टहला, सदर थाना पुलिस और साइक्लोन/तकनीकी सेल के सहयोग से 220 से अधिक सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालकर आरोपी की पहचान और लोकेशन सुनिश्चित की।डीएसटी कांस्टेबल मुरारीलाल मीणा की सटीक सूचना पर की गई घेराबंदी के दौरान मुख्य आरोपी राहुल कुमार मीणा (27), निवासी करनावर, जिला दौसा भागने का प्रयास करते समय गिर पड़ा, जिससे उसके दोनों पैरों में चोटें आईं। पुलिस ने उसे तथा शरण देने वाले रिंकू मीणा (23) को गिरफ्तार कर लिया।पुलिस जांच में मुख्य आरोपी के विरुद्ध पॉक्सो, चोरी एवं एनडीपीएस एक्ट सहित चार आपराधिक प्रकरण, जबकि सहयोगी के खिलाफ चोरी के चार मामले दर्ज होना सामने आया है। अन्य आपराधिक रिकॉर्ड भी खंगाले जा रहे हैं। इस उल्लेखनीय कार्रवाई में राजगढ़, टहला, सदर, कठूमर थाना पुलिस, साइक्लोन सेल एवं डीएसटी कांस्टेबल मुरारीलाल मीणा की महत्वपूर्ण भूमिका रही। अलवर पुलिस की यह त्वरित कार्रवाई गंभीर अपराधों के प्रति उसकी सजगता, तकनीकी दक्षता और अपराधियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई का प्रभावी उदाहरण है।

## सोजत-सतलोक आश्रम महिला दुराचार के मामले में एक बार फिर सुर्खियों में

चमकता राजस्थान

हितेष भाटी/सोजत। एक निराश्रित महिला स्थानीय बस स्टैंड विश्राम गृह में अपने साथ पाँच माह का बच्चा व दूसरा पाँच साल का बच्चा मदद की गुहार कर रही थी , दुकानदारों ने अस्थाई मदद के लिए नगरपालिका सोजत के''रेन बसेरा '' ले गए लेकिन दुर्भाग्य यह था कि पीड़िता के पास आधार कार्ड नहीं था जिसके कारण नगरपालिका सोजत के रेन बसेरा में सहारा नहीं मिला मजबूर होकर रात्रि को पीड़ित महिला अपने बच्चो को लेकर नगरपालिका के बाहर सड़क पर बैठी रही रात्रि को 12 बजे तक भीड़ इकट्ठा हो गई लोगो ने पीड़िता को खाना खिलाया और नगरपालिका के मंदिर प्रांगण में बैठाया जिसने बताया कि पति शराबी होने से वह गुजरात की रहने वाली पिछले एक वर्ष से आश्रम में रह रही है एक बच्चे की मौत इसी आश्रम में रहते हुवे हुई आश्रम के सेवादारो द्वारा नींद की गोलिया दी जाती व मारपीट की जाती आश्रम से बेदखल कर बेसहारा छोड़ा गया । सोजत के नागरिकों ने सोजत पुलिस को इतला दी तो देर से पहुची पुलिस भी वापस आश्रम में पीड़िता को छोड़ कर पला झाड़ना चाहती थी पुलिस के सामने ही दूसरी और आश्रम के मुखिया आश्रम की बदनामी छुपाने के लिए नगरपालिका के बाहर दो महिला बाउंसर और तीन व्यक्ति और पीड़िता को जबरदस्ती घसीट कर आश्रम की गाड़ी में उसकी इच्छा के विरुद्ध बैठाने लगे पीड़िता मार देगें मार देगें चिल्लाई तब जागरूक लोगो के विरोध से वे लोग भाग गए। पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष एडवोकेट आनंद भाटी, एडवोकेट पुनीत दवे, एडवोकेट नीलम सोनी, महेंद्र (शेरू), तरुण सोलंकी, गिरीश, अर्जुन, संजय सोनी ने मानवाधिकार आयोग और महिला आयोग के उच्च अधिकारियों से रात्रि को ही संपर्क किया और मामले की जानकारी देने पर जिला प्रशासन ने पीड़िता और बच्चों को सखी सेंटर पाली का सरक्षण देने के लिए सोजत पुलिस को हिदायत दी जिस पर सोजत पुलिस के मनीष, सफी मोहम्मद और महिला कॉन्सटेबल पीड़िता को पाली अपने वाहन में बैठाकर लेकर गई । ज्ञातव्य रहे कि मार्च,2024 में भी इसी आश्रम से एक गर्भवती महिला को बेदखल करने पर मानवेंद्र भाटी व अन्य ने अपना घर आश्रम जोधपुर में आश्रय दिलवाया था।

## जयपुर विकास प्राधिकरण की बड़ी प्रवर्तन कार्रवाईः 3 बीघा में बस रही अवैध कॉलोनी ध्वस्त, सरकारी आम रास्ता कराया अतिक्रमण मुक्त

### आयुक्त सिद्धार्थ महाजन के निर्देशन (डीआईजी) आनंद शर्मा की कुशल रणनीति एवं मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन शिल्पा चौधरी के सशक्त पर्यवेक्षण में की कार्रवाई

चमकता राजस्थान





**जयपुर। (खलील कुरैशी)** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की भ्रष्टाचार, अतिक्रमण एवं अनियमितताओं के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस नीति और सुशासन के संकल्प को धरातल पर प्रभावी रूप से लागू करते हुए जयपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) ने अवैध निर्माण एवं अतिक्रमण के विरुद्ध दो स्थानों पर सशक्त प्रवर्तन कार्रवाई कर नियोजित शहरी विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है।जेडीए आयुक्त सिद्धार्थ महाजन के स्पष्ट निर्देशों एवं प्रभावी प्रशासनिक नेतृत्व में, उप महानिरीक्षक पुलिस (डीआईजी) आनंद शर्मा की कुशल रणनीति तथा मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन शिल्पा चौधरी के सशक्त पर्यवेक्षण में प्रवर्तन शाखा ने शुक्रवार को जोन-14 एवं जोन-23 में उल्लेखनीय कार्रवाई करते हुए लगभग 3 बीघा भूमि पर विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी को प्रारंभिक स्तर पर ही ध्वस्त कर दिया तथा सरकारी आम रास्ते से अतिक्रमण हटाकर आमजन के लिए मार्ग पुनः सुचारू कराया।जोन-14 के अंतर्गत ग्राम चंदलाई (आशियावास रोड) में निजी खातेदारी कृषि भूमि पर बिना जेडीए स्वीकृति एवं बिना भूमि रूपांतरण के ₹ग्रीन वैली₹ नाम से अवैध कॉलोनी विकसित की जा रही थी। यहां मिट्टी-ग्रेवल की सड़कें, डिमार्केशन एवं अन्य अवैध निर्माण किए जा चुके थे। सूचना के सत्यापन के बाद प्रवर्तन दल ने जेसीबी एवं श्रमिकों की सहायता से पूरे अवैध विकास को ध्वस्त कर कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल कर दिया। ध्वस्तीकरण पर हुआ व्यय नियमानुसार संबंधित व्यक्तियों से वसूल किया जाएगा।वहीं जोन-23 के अंतर्गत ग्राम उदयपुरिया, तहसील चाकसू में सरकारी आम रास्ते पर लगभग 200 मीटर तक किए गए अवैध अतिक्रमण को भी हटाया गया। तारबंदी एवं मिट्टी की डोल बनाकर मार्ग अवरुद्ध कर दिया गया था,जिससे स्थानीय नागरिकों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। प्रवर्तन दल ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सरकारी मार्ग को पूर्णतः अतिक्रमण मुक्त कर आमजन के लिए पुनः खोल दिया।यह कार्रवाई मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन शिल्पा चौधरी के पर्यवेक्षण में उपनियंत्रक प्रवर्तन, प्रवर्तन अधिकारियों, राजस्व एवं तकनीकी स्टाफ, प्रवर्तन जाप्ते तथा श्रमिकों की संयुक्त टीम द्वारा सफलतापूर्वक संपादित की गई।जेडीए आयुक्त सिद्धार्थ महाजन के नेतृत्व में अवैध कॉलोनियों और अतिक्रमण के विरुद्ध लगातार चल रही सख्त कार्रवाइयाँ यह स्पष्ट संदेश देती हैं कि राजधानी क्षेत्र में बिना स्वीकृति किसी भी प्रकार का अवैध विकास बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वहीं डीआईजी आनंद शर्मा की प्रभावी कानून-व्यवस्था एवं प्रवर्तन समन्वय तथा मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन शिल्पा चौधरी की सतत निगरानी ने इन अभियानों को गति और मजबूती प्रदान की है।जेडीए ने दोहराया है कि अवैध निर्माण, अवैध कॉलोनियों एवं सरकारी भूमि पर अतिक्रमण के विरुद्ध अभियान आगे भी पूरी सख्ती और निरंतरता के साथ जारी रहेगा, ताकि नियोजित शहरी विकास, सार्वजनिक हित और सरकारी संपत्तियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

नम आंखों से कर्बला में हुए सुपुर्द-ए-खाक

# इमाम हज़रत हुसैन की शहादत की याद में मनोहरपुर में निकला तीनों ताजियों का मातमी जुलूस


## मोहर्रम ने दिया ईमान, इबादत, सब्र, इंसानियत और हक़ पर डटे रहने का संदेश

चमकता राजस्थान

**मनोहरपुर। (खलील कुरैशी)** कस्बे मनोहरपुर में हजरत इमाम हुसैन (अ.स.) और कर्बला के शहीदों की याद में मोहर्रम पूरे धार्मिक अनुशासन, अकीदत और भाईचारे के वातावरण में मनाया गया। शुक्रवार को तोपचीवाड़ा, सारवान मोहल्ला और लुहार मंडी स्थित इमामबाड़ों से तीनों ताजियों का भव्य मातमी जुलूस निकाला गया। ढोल-ताशों की मातमी धुनों, नौहाख्वानी और मर्सिया के बीच निकले जुलूस में बड़ी संख्या में अकीदतमंद शामिल हुए। रंग-बिरंगी रोशनी से सजे ताजिए श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहे। गुरुवार रात्रि को कत्ल की रात के अवसर पर इमाम हुसैन की शहादत को याद करते हुए इबादत और मातम किया गया। शुक्रवार को निर्धारित समय पर तीनों ताजिए अपने-अपने इमामबाड़ों से रवाना हुए। जुलूस नगर के प्रमुख मार्गों से होता हुआ गांधी चौक पहुंचा, जहां तीनों ताजियों की बैठक हुई। मातमी धुनों और मर्सिया के बीच श्रद्धालुओं ने इमाम हुसैन को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद जुलूस खाकीशाह मोहल्ले स्थित कर्बला पहुंचा, जहां धार्मिक परंपरा के अनुसार शाम को नम आंखों और गमगीन माहौल में तीनों ताजियों को सुपुर्द-ए-खाक किया गया।

### ● दास्तान ए कर्बलाः ईमान, इबादत, सब्र, त्याग, इंसाफ, सत्य और इंसानियत की रक्षा के डटे रहना

वाकिया ए कर्बला (मोहर्रम) केवल शोक का पर्व नहीं, बल्कि ईमान, इबादत, सब्र, त्याग, इंसाफ, सत्य और इंसानियत की रक्षा के लिए हर कठिनाई का सामना करने की प्रेरणा भी है। कर्बला की शहादत आज भी यह संदेश देती है कि अन्याय और अत्याचार के सामने कभी समझौता नहीं करना चाहिए तथा मानवता, नैतिकता और सत्य के मार्ग पर दृढ़ रहना ही वास्तविक सफलता है।जुलूस के दौरान हिंदू-मुस्लिम समाज के लोगों ने ताजियों के नीचे से छोटे बच्चों को निकालकर उनके स्वस्थ, सुखी और उज्ज्वल भविष्य की दुआ की। यह दृश्य कस्बे की गंगा-जमुनी तहज़ीब, सामाजिक सौहार्द और आपसी भाईचारे का जीवंत उदाहरण बना।



### ताजियादारों, छबील प्रबंधकों, अखाड़ेदारों, फनकारों, समाजसेवियों और जनप्रतिनिधियों का किया गया सम्मान

मोहर्रम के अवसर पर आयोजित सम्मान समारोह में ताजियादारों, छबील प्रबंधकों, अखाड़ेदारों, फनकारों, समाजसेवियों और जनप्रतिनिधियों का साफा पहनाकर एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। मुस्लिम समाज की ओर से अतिथियों का भी माल्यार्पण कर अभिनंदन किया गया।

### थानाधिकारी सुरेन्द्र सिंह के नेतृत्व पुलिस व्यवस्था रही मुस्तैद

जयपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक हनुमान प्रसाद के निर्देशन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रणवीर सिंह और शाहपुरा वृताधिकारी सैनी मार्गदर्शन एवं थानाधिकारी सुरेंद्र सिंह के नेतृत्व में पुलिस प्रशासन की सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह चाक-चौबंद रही।संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल तैनात रहा तथा ड्रोन कैमरों से निरंतर निगरानी की गई। एएसआई जयराम, सुरेंद्र सिंह राठौड़, राजेंद्र कुमार सहित पुलिस अधिकारी एवं जवान पूरे समय मुस्तैदी से ड्यूटी पर तैनात रहे। पुलिस और प्रशासन की सतर्क व्यवस्था के चलते मोहर्रम का आयोजन शांतिपूर्ण, सुरक्षित और सौहार्दपूर्ण वातावरण मेंसफलतापूर्वक संपन्न हुआ।गौरतलब है कि मोहर्रम का यह पावन अवसर समाज को यह प्रेरणा देता है कि इमाम हज़रत हुसैन (अ.स.) की शहादत केवल इतिहास नहीं, बल्कि ईमान, इबादत, इंसानियत, सब्र, त्याग, न्याय और मानवता की रक्षा के लिए सदैव अडिग रहने की अमर सीख है।

### गांधी चौक में अखाड़े के उस्तादों,पैंतरेबाजों ने दिखाये हैरतअंगेज करतब

मनोहरपुर कस्बें स्थित गांधी चौक में अखाड़ों के उस्तादों और पैंतरेबाजों ने लाठी संचालन, पारंपरिक युद्धक कला तथा आग के बीच से निकलने सहित कई हैरतअंगेज करतब प्रस्तुत किए, जिनका लोगों ने उत्साहपूर्वक स्वागत किया। वहीं मदीना सबील कमेटी द्वारा अकीदतमंदों और राहगीरों के लिए ठंडे पानी और शरबत की छबील लगाकर सेवा की गई।

## संक्षिप्त समाचार

### दिवा में नाला सफाई की खुली पोल! पहली ही बारिश में मुख्य नाला जाम, नगरसेविका ने ठेकेदार पर लगाए गंभीर आरोप

● पोकलेन मशीन से तत्काल कराया गया जल निकासी का कार्य; संबंधित अधिकारी और ठेकेदार के खिलाफ आयुक्त से शिकायत कर बिल रोकने की मांग



**चमकता राजस्थान/अरविंद कोठारी/दिवा।** मानसून की शुरुआत होते ही दिवा शहर के कई निचले इलाकों में जलभराव की शिकायतें सामने आने लगी हैं। शिकायतों के बाद नगरसेविका श्रीमती अर्चना निलेश पाटील ने महानगरपालिका अधिकारियों के साथ दिवा शहर के मुख्य खाड़ी क्षेत्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुख्य नाला पूरी तरह जाम मिला, जिसके कारण बारिश का पानी निकल नहीं पा रहा था। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए तत्काल निजी पोकलेन मशीन की सहायता से नाले में जमा रुकावटों को हटाकर पानी की निकासी कराई गई। नगरसेविका अर्चना पाटील ने आरोप लगाया कि संबंधित ठेकेदार ने नाला सफाई का कार्य सही ढंग से नहीं किया, जिसके कारण पहली ही बारिश में यह स्थिति उत्पन्न हुई। उन्होंने बताया कि इस मामले की जानकारी दिवा शहर प्रमुख एवं पूर्व उपमहापौर रमाकांत मढवी को भी दे दी गई है। उन्होंने कहा कि जल्द ही संबंधित अधिकारी और ठेकेदार के खिलाफ महानगरपालिका आयुक्त को शिकायत देकर ठेकेदार का भुगतान (बिल) रोकने की मांग की जाएगी। अर्चना पाटील ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि समय रहते प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई, तो हर वर्ष की तरह इस बार भी दिवा शहर को बाढ़ जैसी स्थिति का सामना करना पड़ सकता है। निरीक्षण के दौरान विभाग प्रमुख निलेश पाटील, जूनियर इंजीनियर वसावे, जूनियर इंजीनियर आदित्य डावखर सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

### चैतर वसावा के समर्थन में अअढ का शक्ति प्रदर्शनः कवांट में सपोर्ट रैली, सजा के खिलाफ उग्र विरोध

**चमकता राजस्थान/छोटाउदपुर।** छोटाउदपुर जिले के कवांट में आम आदमी पार्टी (AAP) द्वारा विधायक चैतर वसावा सहित 9 लोगों को हुई 7 साल की सजा के विरोध में एक विशाल सपोर्ट रैली का आयोजन किया गया। जिला अध्यक्ष राधिका राठवा के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और पदाधिकारी इस रैली में शामिल हुए। कवांट शहर में आयोजित इस सपोर्ट रैली के जरिए सजा के खिलाफ कड़ा विरोध दर्ज कराया गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष राधिकाबेन राठवा ने कहा, 'चैतर वसावा पूरी तरह से निर्दोष हैं और उन्हें गलत तरीके से जेल भेजा गया है।' उन्होंने आगे कहा कि इस मामले में हाई कोर्ट से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक कानूनी लड़ाई लड़ी जाएगी और न्याय के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। इस सपोर्ट रैली के दौरान कार्यकर्ताओं ने शांतिपूर्ण तरीके से अपना विरोध जताया और चैतर वसावा को न्याय दिलाने की मांग की।

लद्दाख विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय संगोष्ठी में दिया 'वसुधैव कुटुम्बकम्' का संदेश,

# भारतीय दर्शन ही विश्व शांति का शाश्वत मार्ग : विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी

● उपराज्यपाल से शिष्टाचार भेंट और लेह पैलेस का किया अवलोकन

चमकता राजस्थान





जयपुर। (खलील कुरैशी) राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने लद्दाख विश्वविद्यालय में आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि युद्ध, आतंकवाद, धार्मिक कट्टरता और वैश्विक संकटों के इस दौर में भारतीय जीवन दर्शन, 'वसुधैव कुटुम्बकम्', करुणा, अहिंसा, योग और सह-अस्तित्व ही विश्व शांति का स्थायी मार्ग है। उन्होंने कहा कि भारत ने सदैव विश्व को परिवार मानते हुए मानवता, समरसता और वैश्विक कल्याण का संदेश दिया है।विश्व शांति में भारत की भूमिका और सांस्कृतिक मूल्य' विषय पर आयोजित संगोष्ठी में देवनानी ने कहा कि भारतीय संस्कृति केवल परंपरा नहीं, बल्कि जीवन जीने की समग्र दृष्टि है। भगवान बुद्ध, भगवान महावीर, गुरु नानक देव और स्वामी विवेकानंद के विचार आज भी विश्व को शांति, संवाद और भाईचारे की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने आतंकवाद को मानवता के लिए सबसे बड़ा खतरा बताते हुए इसके विरुद्ध वैश्विक एकजुटता और मानवीय मूल्यों पर आधारित संवाद की आवश्यकता पर बल दिया।देवनानी ने कहा कि योग भारत की अमूल्य धरोहर है, जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से अंतरराष्ट्रीय पहचान मिली। योग शरीर, मन और आत्मा के संतुलन का विज्ञान है, जो विश्व को स्वस्थ और शांतिपूर्ण जीवन की दिशा प्रदान करता है। उन्होंने युवाओं से भारतीय संस्कृति और नैतिक मूल्यों को आत्मसात कर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने का आ''ान किया।संगोष्ठी में हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल कविंदर गुप्ता, इन्द्रेश कुमार, लद्दाख विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. साकेत कुशवाहा, गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय के कुलपति नरसीराम विश्नोई, हरियाणा उच्च शिक्षा परिषद के अध्यक्ष के.सी. शर्मा सहित विभिन्न विश्वविद्यालयों के शिक्षाविद्, शोधार्थी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।प्रवास के दौरान देवनानी ने लद्दाख के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना से शिष्टाचार भेंट कर शिक्षा, पर्यटन, सुशासन, सांस्कृतिक विरासत संरक्षण एवं सीमावर्ती क्षेत्रों के विकास पर विचार-विमर्श किया तथा उन्हें 'सनातन संस्कृति की अटल दृष्टि' पुस्तक भेंट की।इसके अलावा उन्होंने ऐतिहासिक लेह पैलेस का अवलोकन करते हुए इसे लद्दाख की गौरवशाली सांस्कृतिक विरासत और हिमालयी-तिब्बती स्थापत्य कला का अद्वितीय प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि विरासत स्थलों का संरक्षण राष्ट्र की सांस्कृतिक पहचान को सशक्त बनाने तथा नई पीढ़ी को अपने इतिहास से जोड़ने का प्रभावी माध्यम है।

### कर्मभूमि से मातृभूमि अभियान की प्रगति की जिला कलक्टर ने की समीक्षा

● वाटर रिचार्ज स्ट्रक्चर निर्माण व जियो टैगिंग में तेजी लाने के निर्देश



**चमकता राजस्थान/जयपुर। (खलील कुरैशी)** जिला कलक्टर संदेश नायक की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में 'कर्मभूमि से मातृभूमि' अभियान की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में अभियान के निर्धारित लक्ष्यों की प्रगति का आकलन करते हुए सभी संबंधित विभागों को समयबद्ध ढंग से कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।जिला कलक्टर ने अभियान के तहत अधिकाधिक वाटर रिचार्ज स्ट्रक्चर विकसित करने पर जोर देते हुए संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने रीको अधिकारियों को 500 वर्गमीटर से अधिक क्षेत्रफल वाले भवनों में वर्षा जल संचयन (वाटर रिचार्ज स्ट्रक्चर) अनिवार्य रूप से स्थापित कराने तथा उनकी ई-पंचायत एप्लीकेशन के माध्यम से जियो टैगिंग सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।बैठक में जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रतिभा वर्मा ने बताया कि अभियान के तहत प्रत्येक ग्राम पंचायत में चार-चार तथा शहरी क्षेत्र के प्रत्येक वार्ड में चार-चार वाटर रिचार्ज स्ट्रक्चर विकसित करने के लिए विकास अधिकारियों एवं संबंधित विभागों को निर्देश जारी किए जा चुके हैं।भूजल वैज्ञानिक डॉ. मलेंद्र चौहान ने अभियान के अंतर्गत राज्य सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्यों की जानकारी देते हुए सभी विभागों से शीघ्र लक्ष्य प्राप्ति के लिए समन्वित प्रयास करने का आह्वान किया।बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर राजीव द्विवेदी, मेघराज मीणा, आशीष कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

आईजी विकास कुमार के प्रभावी नेतृत्व में नशा तस्करों पर लगातार कसा जा रहा है कानूनी शिकंजा

# ऑपरेशन 'मदमशक' : ANTF की बड़ी सफलता, एक वर्ष से फरार 25 हजार का इनामी तस्कर जोधपुर से गिरफ्तार

## ANTF ने 69 वें इनामी अपराधी को दबोचा

चमकता राजस्थान

जयपुर। (खलील कुरैशी) राजस्थान पुलिस की एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (ANTF) ने मादक पदार्थ तस्करों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान 'ऑपरेशन मदमशक' के तहत एक और महत्वपूर्ण सफलता हासिल करते हुए एक वर्ष से फरार 25 हजार के इनामी तस्कर सुनील झाझड़ा को जोधपुर के नेतड़ा टोल प्लाजा से गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई के साथ ही ANTF अब तक 69 इनामी अपराधियों को गिरफ्तार कर राज्य में नशा तस्करों के नेटवर्क पर लगातार प्रभावी प्रहार कर चुकी है। महानिरीक्षक पुलिस (ANTF) विकास कुमार ने बताया कि पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा तथा अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक के मार्गदर्शन में प्रदेशभर में मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध लगातार प्रभावी अभियान चलाया जा रहा है। उनकी रणनीतिक कार्यशैली, सटीक खुफिया तंत्र और सतत निगरानी के कारण ANTF लगातार बड़ी सफलताएं अर्जित कर रही है तथा राज्य के शीर्ष नशा तस्करों पर निर्णायक कार्रवाई कर रही है। पुलिस के अनुसार आरोपी सुनील झाझड़ा (26 वर्ष), जोधपुर जिले का निवासी है और हनुमानगढ़ जिले में दर्ज एनडीपीएस प्रकरण में वांछित था। उस पर 25 हजार का इनाम घोषित था। आरोपी पहले होटल संचालित करता था, लेकिन आर्थिक लाभ के लालच में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी से जुड़ गया और राजस्थान से पंजाब तक तस्करी का नेटवर्क विकसित कर लिया। पुलिस कार्रवाई की भनक लगने के बाद वह होटल बंद कर करीब एक वर्ष से फरार चल रहा था। आईजी विकास कुमार के निर्देशन में गठित ANTF टीम ने आरोपी की गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखी। गुप्त सूचना के आधार पर जोधपुर हाईवे स्थित नेतड़ा टोल प्लाजा पर सुनियोजित घेराबंदी कर उसे फिल्मी अंदाज में दबोच लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने पहले अनभिज्ञता जताई, लेकिन बाद में अपने विरुद्ध दर्ज मामले और फरारी की पुष्टि की। आईजी विकास कुमार ने इस उल्लेखनीय सफलता पर कार्रवाई में शामिल अठळ्ऋ टीम की सराहना करते हुए उन्हें सम्मानित किए जाने की घोषणा की। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस (26 जून) के अवसर पर आमजन से भी अपील की कि नशा तस्करी अथवा अपराध संबंधी कोई भी सूचना ANTF नियंत्रण कक्ष (0141-2502877) या व्हाट्सएप नंबर 9261225056 पर दें। सूचना देने वाले की पहचान पूर्णतः गोपनीय रखी जाएगी। उन्होंने संदेश दिया– तुम मुझे सूचना दो, मैं तुम्हें नशे से आज़ादी दूंगा।





## संक्षिप्त समाचार

### यातायात नियमों के उल्लंघन पर राजस्थान पुलिस का सख्त अभियान

- 22 दिनों में 1.71 लाख से अधिक वाहनों पर कार्रवाई



**चमकता राजस्थान/जयपुर। (खलील कुरैशी)** राजस्थान में सड़क सुरक्षा और यातायात अनुशासन को मजबूत बनाने के उद्देश्य से पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा के निर्देश तथा महानिदेशक पुलिस (यातायात) अनिल पालीवाल के नेतृत्व में विशेष प्रवर्तन अभियान प्रभावी ढंग से जारी है। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस (यातायात) डॉ. बी.एल. मीणा ने बताया कि 4 जून से 25 जून 2026 तक 22 दिनों में प्रदेशभर में 1,71,727 वाहनों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की गई।अभियान के दौरान अवैध काली फिल्म के 63,298, नियम विरुद्ध नंबर प्लेट के 43,461, अनाधिकृत शब्द/लेखन के 24,033, वाहनों में अवैध संरचनात्मक परिवर्तन के 18,159, अनाधिकृत लाल-नीली बत्ती, फ्लैशर एवं हूटर के 13,586 तथा प्रेशर हॉर्न/एयर हॉर्न के 9,190 मामलों में कार्रवाई की गई।25 जून को अकेले 5,982 वाहनों पर कार्रवाई हुई। इस दिन अजमेर में सर्वाधिक 590, जयपुर कमिश्नरेट में 1,098, झुंझुनूं में 373, जयपुर ग्रामीण में 326, चित्तौड़गढ़ में 228, कोटपूतली-बहरोड़ में 213 तथा दौसा में 212 प्रकरण दर्ज किए गए।राजस्थान पुलिस ने नागरिकों से यातायात नियमों का पालन करने, वाहनों में अवैध संशोधन एवं अनधिकृत उपकरणों के उपयोग से बचने तथा सुरक्षित और अनुशासित यातायात व्यवस्था के निर्माण में सहयोग की अपील की है पुलिस ने स्पष्ट किया है कि सड़क सुरक्षा से जुड़े इस विशेष अभियान के तहत नियमों की अवहेलना करने वालों के विरुद्ध आगे भी कठोर कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

### राजनीतिक व सामाजिक शख्सियत भाई एम जुबेर खान को जिला कांग्रेस कमेटी डीग में महासचिव बनाया गया



**चमकता राजस्थान/राकिब खांन/डीग।** मेरे साथ-साथ इलाके के हजारों लोगों को बहुत खुशी है कि राजनीतिक व सामाजिक शख्सियत भाई एम जुबेर खान जी को जिला कांग्रेस कमेटी डीग में महासचिव बनाया गया है,उनको इस मौके पर तहे दिल से मुबारकबाद जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजीव कुमार सिंह जी के अथक प्रयत्नों व आशीर्वाद से ही यह सब कुछ संभव हो पाया है क्योंकि एम जुबेर खान जी ज़िले में राजीव कुमार सिंह जी के विश्वासपात्र माने जाते हैं। गोविंद सिंह डोटासरा जी, अशोक गहलोत जी, सचिन पायलट जी, टीकाराम जूली जी व सुखजिंदर सिंह रंधावा जी व श्री राहुल गांधी जी का भी शुक्रिया अदा करते हैं। जिन्होंने जमीनी कार्यकर्ता को इस पद पर पहुंचने का मौका दिया। क्योंकि एम जुबेर खान का राजनीतिक गुरु पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय श्री नटवर सिंह जी व श्री हरि सिंह कुम्हेर को माना जाता है। भाई एम.जुबेर खान की असली पहचान उनका व्यवहार, बोलचाल,इंसानियत, विनम्रता व दूसरों के दुःख दर्दों के प्रति उनकी संवेदनाएं हैं।आप एक सुसंस्कृत ,चरित्रवान, सरल सहज स्वभाव के धनी व इंसानियत पसंद इंसान हैं। आप चरित्र में कीना,हशद,गुब्ज व तकब्बुर कहीं भी नजर नहीं आता। आप में बोलने की तमीज व दूसरों को इज्जत देने की सलाहियत है। एम.जुबेर खान साहब केवल सच्ची भक्ति व कर्म में विश्वास करते हैं। किसी भी काम को कल के भरोसे छोड़ने के बजाय तुरन्त करने में विश्वास करते हैं।आप नकारात्मक सोच की अपेक्षा सकारात्मक सोच से स्वयं को पहचानते हुए कर्म करने का प्रयास करते हैं। आपने,अपने जीवन को व्यक्ति बनाकर नहीं, चरित्रवान व्यक्तित्व के रूप में जीना सीखा है! आप में आत्मविश्वास, सब्र व इंसानियत के गुण कूट-कूट कर भरे हुए हैं!! अर्थात आप एक सामाजिक कार्यकर्ता व अच्छे ईमानदार नेता के साथ-साथ एक 'शिक्षक' भी हैं!! जो खूबियां बेमिसाल हैं, आप में महत्वाकांक्षा-खुद्दारी है।

राव साहब ने जनप्रतिनिधि के रूप में विकास, पारदर्शिता और जनहित को हमेशा प्राथमिकता दीः आलोक बेनीवाल

# शाहपुरा के मुख्य बस स्टैंड पर सांसद राव राजेंद्र सिंह का जन्मदिन जनसेवा के संकल्प के साथ हर्षोल्लास से मनाया गया

चमकता राजस्थान

शाहपुरा (खलील कुरैशी)। शाहपुरा के मुख्य बस स्टैंड पर जयपुर ग्रामीण लोकसभा क्षेत्र के सांसद एवं शाहपुरा के लोकप्रिय जनप्रतिनिधि राव राजेंद्र सिंह का जन्मदिन बड़े उत्साह, आत्मीयता और जनसहभागिता के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में सर्व समाज के लोगों ने एकजुट होकर सांसद का 21 किलो की भव्य पुष्पमाला, 51 मीटर का साफा पहनाकर तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया। इसके बाद केक काटकर जन्मदिन की खुशियां साझा की गईं। पूरे आयोजन के दौरान सामाजिक सौहार्द, अपनत्व और जनसेवा के प्रति समर्पण का वातावरण दिखाई दिया।






- **सांसद राव राजेन्द्र सिंह ने जन्मदिन पर मिले स्नेह और सम्मान के लिए सभी नागरिकों का हृदय से आभार व्यक्त किया**

अपने संबोधन में सांसद राव राजेंद्र सिंह ने जन्मदिन पर मिले स्नेह और सम्मान के लिए सभी नागरिकों का हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि जनता का विश्वास और प्रेम ही उनकी सबसे बड़ी शक्ति है। उन्होंने कहा कि उनका जीवन सदैव क्षेत्र के विकास, जनकल्याण और आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए समर्पित रहेगा। उन्होंने युवाओं से समाज निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने, सामाजिक समरसता बनाए रखने तथा शिक्षा, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और सेवा कार्यों में आगे आने का आ''ान करते हुए कहा कि जनसेवा ही सच्ची राजनीति और सबसे बड़ा धर्म है।

- **ये गणमान्यजन रहें मौजूद**

इस अवसर पर सभापति बंशीधर सैनी, राजकुमार देवायुष सिंह, प्रमोद अग्रवाल, राजेश मंडोवरा, गुड्डू सैनी, सुभाष जोशी, मंजू सैनी संतोष माधानी,जमील खान चौहान, श्योराम गुर्जर सहित भाजपा पदाधिकारी, पार्षदगण, सर्व समाज के गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में समर्थक उपस्थित रहे। गौरतलब है कि यह आयोजन केवल जन्मदिन का उत्सव नहीं, बल्कि जनसेवा, सामाजिक एकता, आपसी सद्भाव और विकास के प्रति सामूहिक संकल्प का भी प्रतीक बनकर सामने आया।

### राव साहब ने जनप्रतिनिधि के रूप में विकास, पारदर्शिता और जनहित को हमेशा प्राथमिकता दी:- आलोक बेनीवाल

पूर्व विधायक आलोक बेनीवाल ने अपने संबोधन में सांसद राव राजेंद्र सिंह को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उन्होंने जनप्रतिनिधि के रूप में विकास, पारदर्शिता और जनहित को हमेशा प्राथमिकता दी है। उन्होंने कहा कि समाज की एकता, आपसी भाईचारा और सकारात्मक सोच ही क्षेत्र के सर्वांगीण विकास की आधारशिला है। उन्होंने सभी नागरिकों से सामाजिक सद्भाव बनाए रखने और जनहित के कार्यों में सक्रिय सहयोग देने का आह्वान किया।कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने सांसद राव राजेंद्र सिंह के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं निरंतर जनसेवा की कामना करते हुए उनके नेतृत्व में क्षेत्र के विकास और प्रगति की अपेक्षा व्यक्त की।

## पुलिस अधीक्षक हनुमान प्रसाद के प्रभावी नेतृत्व एवं सुदृढ़ पुलिस प्रबंधन में जयपुर ग्रामीण पुलिस की बड़ी सफलताः

### 222 किलो 48 ग्राम डोडा पोस्त छिलका बरामद, नशा तस्कर गिरफ्तार

चमकता राजस्थान




जयपुर ग्रामीण! (खलील कुरैशी) । पुलिस अधीक्षक हनुमान प्रसाद के प्रभावी नेतृत्व एवं सुदृढ़ पुलिस प्रबंधन में जयपुर ग्रामीण पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस थाना सामोद ने एक बड़ी एवं उल्लेखनीय कार्रवाई को अंजाम दिया है। पुलिस टीम ने त्वरित एवं सुनियोजित कार्रवाई करते हुए एक नशा कारोबारी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 13 प्लास्टिक के कट्टों में भरा 222 किलो 48 ग्राम अवैध डोडा पोस्त छिलका तथा तौल में प्रयुक्त एक इलेक्ट्रॉनिक कांटा बरामद किया है।पुलिस अधीक्षक हनुमान प्रसाद के निर्देशन में जयपुर ग्रामीण पुलिस लगातार मादक पदार्थों के अवैध कारोबार पर प्रभावी प्रहार कर रही है। इसी क्रम में थाना सामोद पुलिस को मिली पुख्ता सूचना के आधार पर डुडियो की ढाणी, गांधी मोड़, अमरपुरा स्थित आरोपी के घर पर दबिश दी गई। कार्रवाई के दौरान भारी मात्रा में डोडा पोस्त छिलका बरामद कर आरोपी सुरेश कुमार (37 वर्ष) पुत्र प्रभात लाल, जाति जाट, निवासी डुडियो की ढाणी, गांधी मोड़, अमरपुरा, थाना सामोद, जिला जयपुर को गिरफ्तार कर लिया गया।पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध स्वापक औषधि एवं मनःप्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। साथ ही यह पता लगाने के लिए गहन अनुसंधान किया जा रहा है कि बरामद मादक पदार्थ कहाँ से लाया गया था, इसकी आपूर्ति किन-किन क्षेत्रों में की जानी थी तथा इस अवैध कारोबार से जुड़े अन्य व्यक्तियों की क्या भूमिका है।पुलिस अधीक्षक हनुमान प्रसाद के कुशल, प्रभावी एवं परिणामोन्मुख निर्देशन में जयपुर ग्रामीण पुलिस नशा तस्करी के विरुद्ध लगातार सख्त अभियान चला रही है। उनका स्पष्ट संदेश है कि युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने वाले नशा कारोबारियों के विरुद्ध किसी भी स्तर पर नरमी नहीं बरती जाएगी। इसी रणनीति के तहत पुलिस द्वारा लगातार खुफिया तंत्र को सक्रिय रखते हुए नशा तस्करों पर प्रभावी कार्रवाई की जा रही है।यह कार्रवाई जयपुर ग्रामीण पुलिस की सतर्कता, प्रभावी सूचना तंत्र, त्वरित कार्रवाई और अपराध नियंत्रण के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता का उत्कृष्ट उदाहरण है। पुलिस ने आमजन से भी अपील की है कि यदि कहीं भी मादक पदार्थों के अवैध कारोबार की जानकारी मिले तो तत्काल पुलिस को सूचित करें। सूचना देने वाले की पहचान पूर्णतः गोपनीय रखी जाएगी तथा समाज को नशामुक्त बनाने के लिए पुलिस का यह अभियान आगे भी पूरी दृढ़ता के साथ जारी रहेगा।


### मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने राजस्थान संपर्क पोर्टल (181) की व्यवस्था को बनाया अधिक जवाबदेह

- साइबर फ्रॉड पीड़ितों से किया सीधा संवाद, एआई आधारित त्वरित एवं पारदर्शी शिकायत निस्तारण पर दिया जोर



**चमकता राजस्थान/जयपुर। (खलील कुरैशी)** मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने शुक्रवार को राजस्थान संपर्क पोर्टल (181) कॉल सेंटर का निरीक्षण कर राजस्थान संपर्क 2.0 के तहत विकसित हो रही तकनीकी व्यवस्थाओं एवं एआई आधारित नवाचारों की समीक्षा की। उन्होंने शिकायतों के त्वरित, पारदर्शी, गुणवत्तापूर्ण एवं नागरिक-केंद्रित निस्तारण को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए।मुख्य सचिव ने साइबर फ्रॉड से प्रभावित नागरिकों से सीधे संवाद कर उनकी शिकायतों की प्रगति की जानकारी ली तथा संबंधित विभागों को मामलों का शीघ्र समाधान, त्वरित राहत और बेहतर समन्वय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि भ्रष्टाचार, साइबर अपराध और महिला उत्पीड़न से जुड़े मामलों की नियमित उच्चस्तरीय समीक्षा की जाएगी।श्रीनिवास ने शिकायतों के वर्गीकरण, रूट कॉज एनालिसिस, रियल-टाइम मॉनिटरिंग एवं डेटा आधारित निर्णय के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के प्रभावी उपयोग पर बल देते हुए कहा कि इससे शिकायत निवारण व्यवस्था अधिक स्मार्ट, पारदर्शी और परिणामोन्मुख बनेगी। उन्होंने कॉल सेंटर कार्मिकों के नियमित प्रशिक्षण तथा शिकायत निस्तारण के बाद नागरिक संतुष्टि और फीडबैक की सतत समीक्षा के निर्देश भी दिए।बैठक में बताया गया कि 30 जून को केंद्र सरकार के सचिव राजस्थान संपर्क पोर्टल की तकनीकी कार्यप्रणाली का अवलोकन करेंगे। साथ ही नेशनल काउंसिल ऑफ ई-गवर्नेंस (एनसीजी) के अंतर्गत राजस्थान संपर्क पोर्टल को राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट सुशासन (गुड गवर्नेंस) के मॉडल के रूप में प्रदर्शित किया जाएगा।मुख्य सचिव की सक्रिय, दूरदर्शी एवं परिणामोन्मुख कार्यशैली से राजस्थान संपर्क पोर्टल को तकनीकी रूप से अधिक सशक्त, पारदर्शी एवं प्रभावी बनाते हुए आमजन को त्वरित राहत उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं, जिससे प्रदेश में सुशासन और जवाबदेह प्रशासन को नई मजबूती मिल रही है।

### शेरगढ़ पत्रकार संघ की कार्यकारिणी का गठन, सुमेर सिंह तेना बने अध्यक्ष



**चमकता राजस्थान/शेरगढ़।** इंडियन फेडरेशन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट्स (IFWJ) राजस्थान, जोधपुर जिला ग्रामीण अध्यक्ष मनोज जैन के निर्देशानुसार उपखंड शेरगढ़ पत्रकार संघ की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पत्रकार हितों, संगठन की मजबूती एवं आगामी कार्य योजनाओं को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। इसके बाद सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। बैठक में वरिष्ठ पत्रकार सुमेर सिंह तेना को शेरगढ़ पत्रकार संघ का अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। वहीं उपाध्यक्ष पद पर श्रेणीदान चारण सिहांदा एवं दुर्जन राम सोलंकिया तला, महासचिव पद पर विक्रम सिंह चौहान, कोषाध्यक्ष पद पर मदाराम चौधरी तथा सचिव पद पर कुलदीप टेलर सोइंतरा, दिनेश परमार एवं प्रकाश दहिया को जिम्मेदारी सौंपी गई। इसके अलावा प्रवक्ता पद पर रावत राम दर्जी, कार्य समिति सदस्य के रूप में दूधाराम गर्ग एवं भोमाराम देवासी तथा सलाहकार मंडल में संजय शर्मा एवं केवलराम गर्ग को शामिल किया गया। वहीं सर्वसम्मति से जिला महासचिव पद पर भीखाराम बोस को नियुक्त किया गया। जोधपुर जिला ग्रामीण अध्यक्ष मनोज जैन ने कहा कि नई कार्यकारिणी के गठन से संगठन को और मजबूती मिलेगी तथा पत्रकार हितों के लिए सभी पदाधिकारी मिलकर कार्य करेंगे। नवनियुक्त अध्यक्ष सुमेर सिंह तेना ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पत्रकारों के हितों की रक्षा, संगठन को मजबूत बनाने और पत्रकारिता के क्षेत्र में सकारात्मक कार्यों के लिए सभी साथियों के सहयोग से निरंतर प्रयास किए जाएंगे।

# राज्यपाल हरिभाऊ बागडे निमेड़ा स्थित श्री श्याम गौशाला पहुंचे, भागवत कथा में हुए शामिल

- **बालाजी मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि की कामना, गौसेवा, सनातन संस्कृति और पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश**

चमकता राजस्थान





**जयपुर। (खलील कुरैशी)** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे शुक्रवार को जयपुर के समीप निमेड़ा स्थित श्री श्याम गौशाला पहुंचे, जहां उन्होंने श्रद्धा एवं आस्था के साथ आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में सहभागिता की। इस अवसर पर उन्होंने बालाजी मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य और सर्वकल्याण की कामना की।गौशाला परिसर में राज्यपाल ने गायों को अपने हाथों से चारा खिलाकर गौसेवा के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में गौसेवा केवल धार्मिक आस्था का विषय नहीं, बल्कि करुणा, संवेदनशीलता और प्रकृति के प्रति कृतज्ञता का प्रतीक है। इस दौरान बगरु विधायक कैलाश वर्मा सहित गौशाला समिति के पदाधिकारी, संतजन और बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।भागवत कथा स्थल पर उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की लीलाएं, भगवद्भक्ति और श्रीमद्भागवत का संदेश मानव जीवन को सत्य, धर्म, करुणा, सेवा और लोकमंगल के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। उन्होंने सभी से सनातन भारतीय संस्कृति के आदर्शों और नैतिक मूल्यों को अपने जीवन में आत्मसात करने का आ''ान किया।

राज्यपाल ने गौशाला परिसर में पौधारोपण भी किया तथा वर्षा ऋतु को पर्यावरण संरक्षण के लिए सर्वोत्तम समय बताते हुए प्रत्येक नागरिक से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनके संरक्षण का संकल्प लेने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण केवल पर्यावरण संरक्षण का माध्यम नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी भी है।राज्यपाल के आगमन पर गौशाला प्रबंधन एवं श्रद्धालुओं ने उनका आत्मीय स्वागत किया। उनका यह दौरा गौसंरक्षण, आध्यात्मिक चेतना, सामाजिक समरसता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरण का प्रभावी संदेश बनकर उभरा।

संक्षिप्त समाचार

## बांदीकुई पुलिस का नशे के सौदागरों पर बड़ा प्रहार, स्मैक सहित एक आरोपी गिरफ्तार

**चमकता राजस्थान/रिवेन्द्र कुमार शर्मा/दौसा।** जिले की बांदीकुई थाना पुलिस ने ऑपरेशन एंटी वनोंम के तहत नशे के कारोबारियों पर बड़ी कार्रवाई करते हुए स्मैक बेचने की फिराक में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस कई दिनों से आरोपी की गतिविधियों पर निगरानी रख रही थी। जिला पुलिस अधीक्षक पीयूष दीक्षित के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शंकर लाल मीणा के सुपरविजन में यह कार्रवाई की गई। 25 जून 2026 को गश्त के दौरान पुलिस को सूचना मिली, जिसके आधार पर टीम स्टेट हाईवे-25 स्थित मुकरपुरा चौकी पहुंची। इसी दौरान बसवा की ओर से आ रहा एक बाइक सवार पुलिस को देखकर भागने लगा, जिसे घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। तलाशी में आरोपी धीरज कुमार मीना (21) निवासी करनावर से 9.60 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसकी हीरो स्प्लेंडर मोटरसाइकिल भी जब्त कर ली। मामले में एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच जारी है।

## ग्राम पंचायत मांडल के सरपंच संजय भंडिया का जन्मदिवस गुरुवार को मांडल बस स्टैंड पर उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया



**चमकता राजस्थान/महेश कुमार बिड़ला मीडिया प्रभारी/मांडल भीलवाड़ा।** इस अवसर पर बड़ी संख्या में उनके समर्थक एवं शुभचिंतक एकत्रित हुए। सभी ने केक काटकर सरपंच श्री भंडिया को जन्मदिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ एवं उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामनाएँ दीं।
कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को हलवे का प्रसाद वितरित किया गया। साथ ही आतिशबाजी कर उत्सव की खुशियाँ मनाई गईं तथा समर्थकों ने जोशीले नारों के साथ सरपंच श्री संजय भंडिया के प्रति अपना स्नेह और समर्थन व्यक्त किया। कार्यक्रम का माहौल पूरे समय उत्साह, उल्लास और सौहार्दपूर्ण वातावरण से परिपूर्ण रहा।

## रानी में मोहर्रम का मातमी पर्व अकीदत के साथ मनाया




**चमकता राजस्थान/भरत कुमार गांधी रानी।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी रानी में मोहर्रम का मातमी पर्व अकीदत एवं इमाम हुसैन की याद में मोहर्रम का जूलूस शांति और सद्भाव के साथ मनाया। प्रताप बाजार में मोहर्रम का जूलूस पहुंचने पर मोहर्रम कमेटी रानी की तरफ से कार्यपालक मजिस्ट्रेट एवं तहसील मोहनलाल राठोड़, थानाधिकारी आनन्द कुमार, प्रतिपक्ष नेता नगरपालिका रानी इलियास चढ़वा एवं पार्षद सुनील बैरवा, पार्षद जौधाराम कुमावत का स्वागत किया गया। नगरपालिका रानी की तरफ से मुख्य लाइसेंसी मोहम्मद सलीम खरादी, लाइसेंसी शाहरुख मकरानी, लाइसेंसी अब्दूल अजीज फारूखी, लाइसेंसी नवाब खान का स्वागत किया गया। बेहतरीन ताजिया निर्माण हेतु तालिब कुरेशी, असलम चढ़वा, अरमान कुरेशी को मोमेंटो देकर उनकी हौसला अफजाई की गई, इसके अतिरिक्त 35 लडके लडकियों को बेहतर अखाड़ा प्रदर्शनी हेतु मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। समापन कार्यक्रम का संचालन ताज मोहम्मद पठान द्वारा किया गया। मुस्लिम समाज की तरफ से नगरपालिका प्रशासन, पुलिस प्रशासन की सफाई एवं शांति व्यवस्था हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया गया। एक दिन पूर्व रात्रि को एवं आज दिन में जामा मस्जिद में मौलाना मोहम्मद फैजान एवं मौलाना गुलाम नबी रिजवी ने ईमाम हुसैन की जीवनी पर विस्तार से प्रकाश डाला एवं उनकी एवं शहीदाने कर्बला वालों की शहादत को याद करते हुए सभी को उनके बताए हुए सही रास्ते पर चलने की नसीहत की ।

# अकलेरा पंचायत समिति में बड़ा गबन: 5 लाख के काम के लिए डकारे 30 लाख, बिना टेंडर मिलीभगत से भुगतान!

चमकता राजस्थान

**अकलेरा (झालावाड़)दिनेश शर्मा।** अकलेरा पंचायत समिति एक बार फिर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों के घेरे में है। विकास के नाम पर सरकारी खजाने को किस तरह लूटा जा रहा है, इसका ताजा मामला पंचायतों की दीवारों पर मजदूरों के नाम लिखने के कार्य से सामने आया है। सूत्रों के अनुसार, महज 5 लाख रुपये की लागत वाले इस कार्य के लिए नियमों को ताक पर रखकर 30 लाख रुपये का भुगतान उठा लिया गया।

● **बिना टेंडर, मनमाने तरीके से हुआ खेल**

आरोप है कि इस पूरे कार्य को अंजाम देने में न तो किसी पारदर्शी टेंडर प्रक्रिया का पालन किया गया और न ही सरकारी नियमानुसार वर्क ऑर्डर जारी किए गए। जिम्मेदारों ने मिलीभगत कर चहेती फर्मों को काम आवंटित किया और भुगतान की प्रक्रिया भी पूरी कर ली। 25 लाख रुपये की इस बड़ी हेराफेरी ने प्रशासनिक तंत्र की कार्यप्रणाली पर बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं।

● **विकास अधिकारी की भूमिका पर उठे सवाल**

ग्रामीणों और स्थानीय जागरूक लोगों का कहना है कि पंचायत समिति विकास अधिकारी (BDO) की सीधी मिलीभगत के बिना इतनी बड़ी धांधली संभव नहीं है। प्रशासनिक स्तर पर मिलीभगत का खेल ऐसा चला कि कागजों पर काम की गुणवत्ता और लागत को बढ़ा-चढ़ाकर दिखाया गया, जबकि धरातल पर हकीकत कुछ और ही है।

● **क्या कहते हैं नियम?**

सरकारी दिशा-निर्देशों के अनुसार, इतनी बड़ी राशि के कार्यों के लिए ई-टेंडरिंग अनिवार्य है, लेकिन यहाँ खुलेआम नियमों का उल्लंघन किया गया। यह न केवल आर्थिक अनियमितता है, बल्कि जनता के टैक्स के पैसे का सीधा दुरुपयोग है।

● **उच्च स्तरीय जांच हो**

स्थानीय लोगों ने इस मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। लोगों का कहना है कि यदि मामले की जांच उच्च स्तर पर की जाए, तो इस भ्रष्टाचार की जड़ें और भी गहरी मिलेंगी। अब देखना यह है कि जिला प्रशासन इस मामले में क्या कार्रवाई करता है या फिर फाइलों को हमेशा की तरह दबा दिया जाएगा। किस तरह लूटा जा रहा है, इसका ताजा मामला पंचायतों की दीवारों पर मजदूरों के नाम लिखने के कार्य से सामने आया है। सूत्रों के अनुसार, महज 5 लाख रुपये की लागत वाले इस कार्य के लिए नियमों को ताक पर रखकर 30 लाख रुपये का भुगतान उठा लिया गया।

● **बिना टेंडर, मनमाने तरीके से हुआ खेल**

आरोप है कि इस पूरे कार्य को अंजाम देने में न तो किसी पारदर्शी टेंडर प्रक्रिया का पालन किया गया और न ही सरकारी नियमानुसार वर्क ऑर्डर जारी किए गए। जिम्मेदारों ने मिलीभगत कर चहेती फर्मों को काम आवंटित किया और रातों-रात भुगतान की प्रक्रिया भी पूरी कर ली। 25 लाख रुपये की इस बड़ी हेराफेरी ने प्रशासनिक तंत्र की कार्यप्रणाली पर बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं।

● **विकास अधिकारी की भूमिका पर उठे सवाल**

ग्रामीणों और स्थानीय जागरूक लोगों का कहना है कि पंचायत समिति विकास अधिकारी (BDO) की सीधी मिलीभगत के बिना इतनी बड़ी धांधली संभव नहीं है। प्रशासनिक स्तर पर मिलीभगत का खेल ऐसा चला कि कागजों पर काम की गुणवत्ता और लागत को बढ़ा-चढ़ाकर दिखाया गया, जबकि धरातल पर हकीकत कुछ और ही है।

## पीपाड़ की ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण को लेकर 28 जून को होगा विशेष स्वच्छता एवं श्रमदान अभियान

चमकता राजस्थान

**पीपाड़ शहर/रिपोर्ट मेहराम गहलोत।** नगर की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने तथा प्राचीन जल स्रोतों के संरक्षण के उद्देश्य से रविवार, 28 जून को पीपाड़ शहर में एक विशेष स्वच्छता एवं श्रमदान अभियान आयोजित किया जाएगा। इस अभियान का नेतृत्व बिलाड़ा विधायक श्री अर्जुन लाल गर्ग करेंगे। कार्यक्रम संत-महात्माओं के पावन सानिध्य एवं स्थानीय प्रशासन के सहयोग से संपन्न होगा।
आयोजन के तहत मालियों की सब्जी मंडी के पीछे स्थित प्राचीन लाखा बावड़ी एवं मंदिर परिसर में साफ-सफाई, श्रमदान और संरक्षण कार्य किया जाएगा। इस अभियान में मीरा नगरी मेड़ता से मीरा तैराकी संघ के सदस्य भी विशेष रूप से भाग लेंगे और जल स्रोतों की सफाई में सहयोग करेंगे। कार्यक्रम रविवार, 28 जून को प्रातः 8:00 बजे प्रारंभ होगा। आयोजकों ने इसे केवल स्वच्छता अभियान ही नहीं, बल्कि अपनी ऐतिहासिक धरोहरों और जल स्रोतों के संरक्षण का जनआंदोलन बनाने का आह्वान किया है। इस अवसर पर क्षेत्र के संत-महात्माओं का आशीर्वाद भी प्राप्त होगा। स्थानीय प्रशासन द्वारा भी अभियान को सफल बनाने के लिए आवश्यक सहयोग प्रदान किया जाएगा। वरिष्ठ समाजसेवी व नगर के पूर्व चेयरमैन महेंद्र सिंह कच्छावाह ने पीपाड़ शहर एवं आसपास के क्षेत्र के नागरिकों, सामाजिक संगठनों, युवाओं, महिलाओं तथा जनप्रतिनिधियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर श्रमदान करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि जल स्रोतों, प्राचीन बावड़ियों और मंदिरों का संरक्षण हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है और जनभागीदारी से ही इन्हें आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित रखा जा सकता है।
आयोजकों ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे इस ऐतिहासिक पहल में सहभागी बनकर अपनी सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण में योगदान दें तथा मेड़ता से आने वाले सेवाभावी कार्यकर्ताओं का आत्मीय स्वागत एवं उत्साहवर्धन करें।

## नशा मुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता रैली, नुक्कड़ नाटक एवं शपथ कार्यक्रम आयोजित




**चमकता राजस्थान/ब्यावर।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, ब्यावर तथा राजस्थान पर्यावरण विकास एवं शोध संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को जागरूकता रैली, नुक्कड़ नाटक एवं नशा मुक्ति शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक कर नशा मुक्त भारत के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाना रहा।
कार्यक्रम के दौरान जागरूकता बैनरों एवं संदेशों के माध्यम से आमजन को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया गया। जागरूकता रैली जिला कलक्टर परिसर से प्रारंभ होकर चांग गेट सहित शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों एवं स्थलों से होकर निकली। रैली के माध्यम से नागरिकों को नशा मुक्त समाज के निर्माण का संदेश दिया गया।
इस अवसर पर आयोजित नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नशे के दुष्परिणामों का प्रभावी मंचन किया गया। कलाकारों ने बताया कि नशा व्यक्ति, परिवार एवं समाज के लिए घातक है तथा इससे पारिवारिक कलह, सड़क दुर्घटनाएं, शारीरिक एवं मानसिक बीमारियों सहित अनेक सामाजिक समस्याएं उत्पन्न होती हैं।
कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी प्रतिभागियों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई। उन्होंने स्वयं नशे से दूर रहने तथा अन्य लोगों को भी नशा नहीं करने के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया।
इस अवसर पर समाज कल्याण अधिकारी विशाल सिंह सोलंकी, राजस्थान पर्यावरण विकास एवं शोध संस्थान की प्रतिनिधि मंजू शर्मा, प्रकाशचंद, श्रवण सुखराम, बजरंग, रीटा सहित अन्य स्वयंसेवक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## विजयनगर थाना पुलिस की बड़ी कार्यवाही

● **सीरियल चैन स्नैचर मुकेश कुमार झा गिरफ्तार, चार वारदातों का पर्दाफाश**

**चमकता राजस्थान/ब्यावर।** विजयनगर थाना क्षेत्र और आसपास महिलाओं के साथ चेन स्नेचिंग की गंभीर वारदातों को दृष्टिगत रखते हुए इसके शीघ्र खुला सेवर दर पकड़ के निर्देश दिए गए थे। निर्देशनानुसार श्रीमती अनुकृति उज्जैनिया, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ब्यावर तथा श्री शिवराज सिंह वृताधिकारी वृत्त मसूदा के निकटतम सुपरविजन में विजयनगर थानाधिकारी करण सिंह पुलिस निरीक्षक के नेतृत्व के गठित टीम द्वारा तकनीकी और मानवीय आसूचना के आधार पर अज्ञात अभियुक्त मुकेश कुमार झा की पहचान कर उसको गिरफतार किया है।19.मई .2026 को प्रार्थी पुखराज पुत्र लादूलाल जैन निवासी बिजयनगर ने इस आशय की रिपोर्ट पेश की कि मेरी सास उच्छब देवी रामगढ़ से रात करीब 8.45 बजे अपने महावीर बोहरा कॉलोनी बिजयनगर स्थित मकान पर जा रहे थे । उसी दौरान लगभग 1:55 बजे महेश स्कूल के बाहर अज्ञात व्यक्ति मोटरसाईकिल पर आकर मेरी सास की चैन तोड़कर कर ले गये। रिपोर्ट पर प्रकरण संख्या 185/2028 चारा 304(2) बी एन एस में दर्ज कर अनुसंधान आरम्भ किया गया।
दौराने अनुसंधान घटना की गंभीरता को देखते हुए आरोपीगणी की तलाश हेतु थाना स्तर पर टीमों का गठन किया जाकर घटनास्थल के आस पड़ोसियों से घटना के बारे में पूछताछ की गई व घटना स्थल के आसपास एनएच 48 पर टोल नाको के सीसीटीवी फुटेज चैक किए। आसूचना और तकनीकी सहायता के आधार पर भीलवाड़ा पुलिस के सहयोग से आरोपी मुकेश कुमार झा को भीलवाडा से डिटेन किया जाकर विस्तृत पूछताछ की गई । आरोपी ने पूछताछ के दौरान बरल रोड विजयनगर पर महिला के साथ चैन स्नैचिंग की घटना सहित बिजयनगर क्षेत्र में महिलाओं के साथ साथ चार चैन स्नैचिंग की वारदात को स्वीकार किया है। उन वारदातों के संबंध में पुलिस थाना बिजयनगर पर अलग-अलग प्रकरण दर्ज है। आरोपी मुकेश कुमार झा से अन्य जिलों की वारदातों के संबध में भी विस्तृत पूछताछ जारी है।

## रास्ते पर कब्जे के विरोध पर फायरिंग का आरोप, दलित परिवार को जान से मारने की धमकी, तिजारा थाने में मामला दर्ज

**चमकता राजस्थान/पत्रकार कश्मीर सिंह/ तिजारा।** थाना क्षेत्र के ग्राम शाहबाद में जमीन पर कथित अवैध कब्जे के प्रयास का विरोध करने पर फायरिंग और जातिसूचक शब्दों से अपमानित करने का मामला सामने आया है। पीड़ित रामसिंह पुत्र बोदन, निवासी शाहबाद ने तिजारा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए आरोप लगाया है कि कुछ लोगों ने उनके विवादित प्लॉट पर जबरन कब्जा करने का प्रयास किया और विरोध करने पर उन पर फायरिंग कर दी।
पुलिस को दी गई रिपोर्ट के अनुसार, घटना 25 जून 2026 की सुबह करीब 7 से 7:30 बजे के बीच की बताई गई है। प्रार्थी रामसिंह का आरोप है कि गांव के ही ग्यासाराम पुत्र बदलूराम, रामहेत पुत्र ग्यासाराम एवं भगवती पत्नी ग्यासाराम, जो सभी अहीर समुदाय से हैं, एकराय होकर लाठी-डंडों और बंदूक के साथ उनके घर के पीछे स्थित प्लॉट पर पहुंचे और वहां खंभे गाड़कर कब्जा करने का प्रयास करने लगे। प्रार्थी के अनुसार, उक्त भूमि को लेकर एक दीवानी अपील न्यायालय में विचाराधीन है तथा न्यायालय द्वारा संबंधित भूमि पर स्थगन आदेश जारी किया गया है। इसके बावजूद आरोपियों ने कथित रूप से जबरन कब्जे की कोशिश की। रामसिंह का आरोप है कि जब उन्होंने इसका विरोध किया तो ग्यासाराम ने उन्हें जान से मारने की नीयत से बंदूक से फायर कर दिया, जिससे वह बाल-बाल बच गए। घटना के दौरान आसपास के लोग मौके पर एकत्रित हो गए, जिसके बाद आरोपी वहां से चले गए। रिपोर्ट में यह भी आरोप लगाया गया है कि जाते समय आरोपियों ने प्रार्थी और उसके परिवार को जान से मारने की धमकी दी तथा जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर अपमानित किया। तिजारा थाना पुलिस ने मामले में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं, आर्म्स एक्ट तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित

## मानपुर युवा शक्ति मैराथन का हुआ सफल आयोजन



**चमकता राजस्थान/अनिल शेखर।** ग्राम मानपुर में ग्राम पंचायत स्तरीय मानपुर युवा शक्ति मैराथन प्रतियोगिता का उत्साहपूर्ण एवं सफल आयोजन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुष्पेंद्र पोसवाल ने मैराथन दौड़ का शुभारंभ किया। बड़ी संख्या में युवाओं ने जोश और उत्साह के साथ भाग लेकर खेल भावना का उत्कृष्ट परिचय दिया।
सीनियर वर्ग में अमन ने प्रथम, संदीप ने द्वितीय तथा अनिल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं जूनियर वर्ग में जग्गो प्रथम, अन्नी द्वितीय तथा आर्यन तृतीय स्थान पर रहे।
राजेश आर्य ने प्रतिभागियों को दौड़ से पूर्व आवश्यक दिशा-निर्देश एवं सुरक्षा संबंधी जानकारी देकर खेल भावना, अनुशासन और ईमानदारी के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।
कार्यक्रम के आयोजक रोहित गुर्जर मानपुर ने विजेताओं को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि खेल युवाओं में अनुशासन, आत्मविश्वास और स्वस्थ जीवनशैली का विकास करते हैं। ऐसे आयोजन युवाओं को नशामुक्ति, फिटनेस और सकारात्मक सोच की ओर प्रेरित करते हैं।
इस अवसर पर राजेश आर्य, ऋषिकेश अध्यापक, वीरेंद्र अध्यापक, सोनू अध्यापक, रामजीलाल, राजवीर, उम्मेद सिंह, पप्पू, कम्मोद, रचित, अनिल, रामू, सतेंद्र सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।
गुर्जर ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों, सहयोगकर्ताओं एवं ग्रामवासियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भविष्य में भी युवाओं के सर्वांगीण विकास और खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए ऐसे आयोजन निरंतर किए जाएंगे।

## सदर थाना पुलिस की बड़ी कार्रवाई, चोरी का वाहन खरीदने वाला आरोपी गिरफ्तार

**चमकता राजस्थान/रिवेन्द्र कुमार शर्मा/दौसा।** पुलिस थाना सदर दौसा ने चोरी के वाहनों की खरीद-फरोख्त के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए फरार आरोपी भैरूलाल जाट को नयागांव, थाना बिगोद, जिला भीलवाड़ा से गिरफ्तार किया है। आरोपी चोरी की टाटा हैरियर रवश खरीदने के मामले में लंबे समय से फरार चल रहा था।
यह कार्रवाई जिला पुलिस अधीक्षक दौसा पीयूष दीक्षित के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शंकर लाल मीणा तथा वृत्ताधिकारी दौसा धर्मेन्द्र कुमार शर्मा के सुपरविजन में की गई।
पुलिस ने पूर्व में अंतर्राज्यीय वाहन चोर गिरोह के सदस्य भोपाल सिंह मीणा और अजय योगी को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से तीन स्विफ्ट कारें एवं एक टाटा हैरियर रवश बरामद की थी। जांच में सामने आया कि हैरियर कार भैरूलाल ने खरीदी थी। पुलिस दबिश के दौरान वह वाहन छोड़कर फरार हो गया था। लगातार तलाश के बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया।

# गायत्री शक्तिपीठ में गंगा दशहरा, गायत्री जयंती एवं गुरुदेव के महाप्रयाण दिवस पर हुआ आध्यात्मिक आयोजन

चमकता राजस्थान




**धौलपुर रामदास तरुण।** बाड़ी उपखंड की खबर, 24 जून को गायत्री शक्तिपीठ बाड़ी में गंगा दशहरा, गायत्री जयंती एवं युगऋषि पं. श्रीराम शर्मा आचार्य के महाप्रयाण दिवस के उपलक्ष्य में श्रद्धा, भक्ति एवं आध्यात्मिक चेतना से ओतप्रोत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार एवं पूजन-अर्चन के साथ हुआ। मुख्य समन्वयक प्रभाकर दीक्षित ने सभी आगंतुकों एवं गायत्री परिजनों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। प्रमुख वक्ता सुरेंद्र सिंह परमार ने गंगा अवतरण की पावन कथा का वर्णन करते हुए गंगा दशहरा के आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डाला। वहीं सुरेश चंद्र शर्मा सिंगाइच वालों ने गायत्री मंत्र एवं साधना की महत्ता बताते हुए इसे जीवन को सकारात्मक दिशा देने वाला आध्यात्मिक साधन बताया। संरक्षक द्वारका प्रसाद गोयल ने गुरुदेव के महाप्रयाण दिवस पर उनके सपनों को साकार करने के लिए बताए गए सात संकल्पों पर विस्तार से चर्चा की तथा उन्हें जीवन में अपनाने का आ''ान किया। महिला मंडल की ओर से दीपिका शिवहरे एवं सहयोगी महिलाओं ने गुरुदेव वंदना एवं प्रेरणा गीत प्रस्तुत कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। मुख्य संरक्षक ओमप्रकाश शर्मा ने पूजन कार्य संपन्न कराया। कार्यक्रम के दौरान कोषाध्यक्ष राधेश्याम गोयल ने संस्था का वार्षिक आय-व्यय विवरण प्रस्तुत किया। साथ ही राधेश्याम गोयल एवं उषा गोयल की वैवाहिक जीवन की 54वीं वर्षगांठ पर उपस्थित जनों ने पुष्पवर्षा कर शुभकामनाएं एवं बधाई दी। अंत में सामूहिक आरती एवं प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर राधेश्याम गर्ग एडवोकेट, वासुदेव सिंह पूर्व एसआई, लाखन सिंह परमार, डॉ. रामगोपाल शर्मा, उषा गोयल, रामबरन सिंह परमार, रामदास शिवहरे, बजरंग सिंह जादौन, जगदीश प्रसाद शर्मा, बाबा जमुनादास, दिनेश कुमार, राजेंद्र प्रसाद, छोटेलाल मीणा, अरुण कुमार शुक्ला, हरिओम गोयल, मीना कुमारी, उर्मिला देवी, मिथिलेश देवी, सुनीता मीणा, लक्ष्मी मीणा, कलावती देवी, भाव्या पचौरी सहित बड़ी संख्या में गायत्री परिजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में मुख्य समन्वयक प्रभाकर दीक्षित ने सभी उपस्थितजनों का आभार व्यक्त किया।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान,
मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) कार्यकारी संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929